53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.0°c
अधिकतम 33.5 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:07, सूर्यास्त - 6:17 | वर्ष : 53/अंक : 261 रविवार, 21 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, अमावस सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

परेशानी में जो सीख और अनुभव मिलता है, वो सीख दुनिया का कोई स्कूल नहीं दे सकता।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जीएसटी में कमी से बाजार में रौनक बढ़ने वाली है : मोदी



पहले 12% थी अब 18% जीएसटी लगने से लहंगा महंगा हो गया...

# भाजपा जिलाध्यक्ष की ही नहीं सुनते अंडर ट्रेनिंग आईपीएस

**मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)।** भाजपा शासन में अधिकारियों की खुमारी किस कदर सिर चढ़कर बोल रही है, यह अब किसी को बताने की आवश्यकता नहीं है। हर महीने कोई न कोई ऐसा उदाहरण खुद ही सामने आ जाता है, जब अधिकारी यह जता देते हैं कि वे नेताओं से ऊपर हैं और ऊपर ही रहेंगे। हैरानी की बात तो यह है कि आईपीएस अफसर नहीं अंडर टेनिंग आईपीएस अफसर जिलाध्यक्ष का फोन सुनने को तैयार नहीं होते। आज फिर रेलवे रोड स्थित गन्ना कार्यालय के बाहर उस समय बड़ा हंगामा खड़ा हो गया और भाजपाईयों की इज्जत अंडर ट्रेनिंग आईपीएस सिद्धार्थ के मिश्रा ने पूरी तरह तार-तार कर दी। मामला यह था कि तितावी गन्ना समिति के चेयरमैनपति भोला सिंह गन्ना कार्यालय में किसी काम से आए हुए थे। वे खुद गाड़ी से उतरे और उनका ड्राईवर गाड़ी बाहर ही लेकर खड़ा हो गया। इसी दौरान अंडर ट्रेनिंग आईपीएस वहां चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान उन्होंने पूछा कि यह गाड़ी किसकी है, भाजपा का झंडा कैसे लगा है और गाड़ी पर चेयरमैन क्यों लिखा है? इस पर ड्राइवर ने भोला सिंह को फोन करके बाहर बुलाया तो भाजपाईयों का ही बताना है कि अंडर ट्रेनिंग आईपीएस के तेवर और तीखे हो गए। इस पर भोला सिंह ने जिलाध्यक्ष को भी वहां बुला लिया। जब भोला सिंह ने जिलाध्यक्ष से फोन पर बात करने की बात कही तो अंडर ट्रेनिंग आईपीएस ने कहा कि अध्यक्ष जिला चलायेगा या हम जिला चलाएंगे। इस पर जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी तुरन्त हंगामे के बीच पहुंचे और मंत्री कपिल देव अग्रवाल को फोन लगाया और मामले की जानकारी दी। हाल ही में भाजपा में आए बीजेपी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू अहलावत ने दमदारी दिखाई और भाकियू की भाषा में पुलिसकर्मियों से बात की। उन्होंने कहा कि हमारे जिलाध्यक्ष सीधे हैं इसलिए कुछ नहीं कह रहे। सैकड़ों लोग हूटर लगाकर घूम रहे हैं और न जाने गाड़ियों पर क्या-क्या लिखकर फिरते रहते हैं, उनका तो तुम्हारे बसका कुछ उखाड़ना है नहीं, तुम लोगों ने भले लोगों को निशाना बना रखा है। लम्बी जद्दोजहद के बाद बामुश्किल मंत्री, जिलाध्यक्ष और राजू अहलावत के मशक्कत के बाद गाड़ी को छोड़ा गया। इससे पहले गाड़ी को सीज करने के आदेश अंडर ट्रेनिंग आईपीएस द्वारा दे दिये गए थे। यह पहला मामला नहीं है, जब भाजपाईयों की इज्जत सड़क पर तार-तार हुई हो। इससे पहले भी कई बार भाजपा की ही अपनी सरकार में नजाने खूब देखने को मिले हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि सरकार के नेता पूरी तरह कमजोर हैं और अधिकारी ही नहीं छोटे-छोटे सिपाही भी कभी भी भाजपाईयों की इज्जत उतार देते हैं।








# जिन पुजारी को भगवान की सेवा करने का दिया था सम्मान, वही करने लगे आज मंदिर निर्माण करने वाली कमेटी का अपमान

**मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)।** अस्पताल के निकट सरवट गेट, घासमंडी, शिव मंदिर पर पिछले कई दिनों से चल रहे विवाद को लेकर कमेटी ने प्रेस के सामने आकर अपना पक्ष रखा, जिसमें उन्होंने मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों दुकानदारों पर साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने के आरोप लगाते हुए मंदिर के पुजारी पर कमेटी के लोगों को धमकाने के आरोप भी लगाएं। इतना ही नहीं कमेटी ने आरोप लगाते हुए कहा कि किरायेदार दुकानदारों एवं मौहल्ले से बाहर के लोगो को बुलाकर समिति के सदस्यों एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से दुर्व्यवहार करने के आरोप भी जुड़े है। शिव मंदिर धर्मशाला समिति ने रूड़की रोड़ स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अवगत कराया कि घासमंडी चौराहे पर 100 वर्ष से अधिक पुराने मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य घोषित कमैटी द्वारा कराया जा रहा है। कमेटी ने नगर के संभ्रान्त लोगों से चंदा इकट्ठा कर मंदिर निर्माण कराना शुरू किया। इसी दौरान कुछ हिन्दू संगठनों ने मंदिर के बाहर पड़ोस के मकान में 50 वर्ष पुराने किरायेदार बिट्टू कबाड़ी को निशाना बनाकर उसे जबरन हटाने के लिए मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों से आग्रह किया। कमेटी अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने जब हिन्दू संगठनों से यह सवाल खड़ा किया कि हम बिट्टू कबाड़ी को



किस आधार पर हटा सकते हैं, तो हिन्दू संगठनों ने योगी शासन का हवाला देते हुए कहा कि योगी शासन में कुछ भी सम्भव है।

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर





RAJ MOTORZONE PVT.LTD.
Ist, Floor, Plot No.05, Dwarika City, Jansath Road, Muzaffarnagar
Mob.: 7455000630, 35

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (ग़ाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ विशेषज्ञों से परामर्श अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में



डॉ. चिराग जैन
सीनियर कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
मंगलवार, 23 सितम्बर, 2025 | सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे
गंगा राम हॉस्पिटल, जिला परिषद कॉलोनी, सदर बाजार, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

डॉ. स्वस्ति
डायरेक्टर - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (गाइनी कैंसर)
गुरुवार, 25 सितम्बर, 2025 | सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे
सेवा मेडिकेयर, महावीर चौक मुजफ्फरनगर

डॉ. निकुंज अग्रवाल
एसोसिएट डायरेक्टर - ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट
शुक्रवार, 26 सितम्बर, 2025 | सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे
एसकेबी आरोग्यम हॉस्पिटल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000



BIGGEST & No.1 SHOWROOM

For Every Perfect Bride

अर्चना®
ड्रैस • गाउन • लंहगा • साड़ी • सूट्स

Call us - 7055010999 | 59B Vakil Road | NEW MANDI MUZAFFARNAGAR

# ट्रंप का गोल्ड कार्ड लॉन्च, अमेरिका की अर्थव्यवस्था को फायदा ही फायदा

**वाशिंगटन, 20 सितंबर (एजेंसी)।** अमेरिका ने नया गोल्ड वीजा प्रोग्राम लॉन्च किया है जो अमीरों के लिए अमेरिका में बसने के रास्ते को आसान बनाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए यह घोषणा की है। इस नए वीजा प्रोग्राम से लोगों को 1 मिलियन डॉलर और कॉर्पोरेशन के लिए 2 मिलियन डॉलर की फीस तय की गई है। ट्रंप का कहना है कि इस प्रोग्राम से अरबों डॉलर का फायदा होगा। ट्रंप गोल्ड कार्ड एक नया वीजा-प्रोग्राम है जिसे अमेरिका की ट्रंप प्रशासन ने शुरू किया है। इसका मकसद है कि बहुत अमीर विदेशी निवेशक बड़ी रकम देकर अमेरिका में स्थायी निवास और बाद में नागरिकता पाने के लिए आसानी से आवेदन कर सकेंगे। ये भी ग्रीन कार्ड जैसा अधिकार माना जाएगा जिसमें अधिकार इबी-1 या इबी-2 वीजा कैटेगरी के मुताबिक दिया जाएगा। अगर किसी को ट्रंप गोल्ड कार्ड चाहिए तो कुछ बातों को ध्यान में रखना होगा, जैसे कोई व्यक्ति खुद के लिए आवेदन करता है तो उसे अमेरिका में स्थायी निवास पाने के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर देने होंगे। वहीं, अगर कोई कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए आवेदन करती है, तो उसे प्रति कर्मचारी 20 लाख अमेरिकी डॉलर देने होंगे, यानी कंपनी के जरिए आने वाले लोगों के लिए राशि दोगुनी है। इस कार्ड को अप्लाई करने के लिए बताई गई राशि का होना जरूरी है। आवेदन से पहले नॉन रिफंडेबल प्रोसेसिंग फीस पे करनी होगी। अमेरिका के विभाग गृह सुरक्षा द्वारा आवेदनकर्ता के बैकग्राउंड की जांच होगी और कानूनी रूप से अमेरिकी स्थायी निवासी बनने के सभी सामान्य योग्यता शर्तें पूरी करने वाले लोगों को कार्ड मिलेगा।




# युवक की उपचार के दौरान मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र के गांव परई निवासी संजय पाल की मेरठ अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। कार्रवाई न होने पर परिजनों ने अभी तक अंतिम संस्कार नही किया। डीएम कार्यालय पर धरना दिया है। परई गांव निवासी संजय नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में भोपा रोड पर एक फैक्ट्री में लेवर ठेकेदार था। आरोप हैं कि साथ मे काम करने वाले साथी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई की। घायल हालत में उसे भोपा रोड पर फेंक दिया। जहां से उसे इलाज दिलाने के बाद परिचित युवक उसके घर छोड़ आये। अगले दिन उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया। शुक्रवार देर शाम उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में परिजन शव घर लेकर पहुंचे। उन्होंने छपार थाने में तहरीर दी। हत्या का आरोप लगाया। कार्रवाई नहीं हुई तो मंडी कोतवाली पुलिस को भी तहरीर गई। इसके बाद भी कार्रवाई न होने पर परिजनों ने डीएम कार्यालय धरना दे दिया। परिजनों का कहना है कि मुकदमा दर्ज व गिरफ्तारी न होने तक धरना जारी रखेंगे।

# पालिका में निर्माण कार्यों के टेण्डर में हो गया खेला

## - महिला सभासद ने शिकायत कर ईओ से की जांच की मांग - 15वें वित्त के 16 कार्यों में से दो कायों के टेंडर में लगे आरोप







**मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)।** नगरीय विकास कार्यों को पारदर्शिता व प्रतिस्पर्धा के आधार पर संचालित करने के दावों के बीच पालिका में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की आशंकाएं तूल पकड़ रही हैं। 15वें वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों में कथित रूप से ठेकेदारों द्वारा पूल करने के आरोपों के बीच पालिका की महिला सभासद ने ईओ को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने के बजाए ठेकेदारों के बीच में आपसी समझौते के तहत कार्यों का बंटवारा हुआ। सभासद ने ठेकेदारों को वर्क ऑर्डर नहीं देने के साथ जांच की मांग की है। पालिका में वार्ड 33 सभासद सीमा जैन ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को पत्र लिखते हुए 15वें वित्त आयोग की धनराशि से स्वीकृत कार्यों के टैंडर में पूल होने के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। सभासद ने शिकायत में कहा है कि निर्माण विभाग से 15वां वित्त के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में 16 कार्यों के टैंडर की हाल में स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों की जारी सूची के क्रमांक 3 पर रेलवे रोड के स्टेशन गेट के सामने सतीश वैष्णो होटल से होटल शैरेटन तक डेन्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य और क्रमांक 4 पर सरकुलर रोड स्थित दीप्ति नर्सिंग होम से सुजडू चुंगी तक डीबीएम बीसी सड़क निर्माण कार्य में पूल किया गया है। इनमें कार्य नम्बर 3 ठेकेदार सुक्रमपाल तोमर और कार्य नम्बर 4 ठेकेदार फर्म ओम शिव कंस्ट्रक्शन को स्वीकृत किया गया है। सभासद ने कहा कि सूची में 16 निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई, उनमें निर्माण विभाग के व्ययानुमान पर कम से कम लगभग 23 और अधिकतम 41 प्रतिशत बिलो रेट पर टैंडर आये हैं, लेकिन क्रमांक 3 का कार्य 5.55 प्रतिशत और क्रमांक 4 का कार्य मात्र 0.92 प्रतिशत बिलो रेट पर स्वीकृत किया गया है, जो इन दोनों कार्यों में ठेकेदार फर्म के बीच पूल होने का प्रत्यक्ष प्रमाण है और ठेकेदारों के बीच में सांठगांठ को साबित करता है। उधर, पालिका सूत्रों ने बताया कि जून माह में 15वें वित्त आयोग से उक्त कार्यों को जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति से स्वीकृति मिली थी, इसके बाद टैंडर आमंत्रित किये गये थे। 28 अगस्त को एई निर्माण द्वारा 15वें वित्त के 16 कार्य के टैण्डर खोले गये थे। इनकी स्वीकृति के बाद निर्माण विभाग से ठेकेदारों और ठेकेदार फर्मों को वर्क ऑर्डर जारी करने की तैयारी चल रही थी। सभासद सीमा जैन ने कहा कि निर्माण कार्यों में सरकार और जनता का धन खर्च किया जाता है, ऐसे में पूल होने से धन का दुरुपयोग होगा। यह स्थिति नगर पालिका छवि को नुकसान पहुंचा सकती है और ऐसी गड़बड़ियों से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। सभासद ने ईओ से मांग की कि इस मामले की गम्भीरता से जांच करवाई जाए और जांचोपरांत पूल साबित होता है तो दोषी ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर इस सम्बन्ध में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि टैण्डर खुलने के बाद उनके सामने स्वीकृति के लिए पत्रावली लाई गई थी। 16 कार्यों में 41 प्रतिशत से बिलो रेट पर टैण्डर स्वीकृत हुए हैं, ऐसे में दो कार्यों में कम बिलो रेट पर स्वीकृति संदिग्ध होने पर उन्होंने पहले ही लेखाकार को पत्र लिखकर आख्या तलब की थी, उनके द्वारा बताया गया है कि एई निर्माण से विस्तृत विवरण मांगा, जो अभी नहीं मिला है। ईओ का कहना है कि इसके बाद सभासद ममता बालियान ने भी शिकायत दी, उस समय हड़ताल चल रही थी। अब व्हाटसएप पर सभासद सीमा जैन की ओर से शिकायत मिली है। मामला गंभीर है जिसमें लेखाकार और एई निर्माण से जांच आने के बाद ही आगामी निर्णय लिया जायेगा।

# जीएसटी का लाभ उपभोक्ता को हो रहा है या नहीं इसे चेक करेंगे कैबिनेट मंत्री, सांसद-विधायक भी रहेंगे सक्रिय

लखनऊ, 20 सितम्बर (एजेंसी)। 22 सितंबर से लागू हो रहे जीएसटी सुधारों का लाभ देखने के लिए प्रदेश के सभी मंत्री और विधायक बाजारों में उतरेंगे। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये एनडीए के सभी विधायकों और मंत्रियों के साथ बैठक कर रोजाना एक-दो घंटे बाजारों में सक्रिय रहने के निर्देश दिए। इससे त्योहारी सीजन में व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता को लाभ मिल सकेगा। सीएम ने विधायकों और मंत्रियों को जीएसटी सुधार जागरूकता अभियान के पहले चरण की जानकारी दी। 22 सितंबर से 29 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जीएसटी सुधारों को जनता तक पहुंचाना और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। सीएम ने कहा कि अभियान का नेतृत्व सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके क्षेत्र में रोज अलग-अलग स्थानों पर होगा। मुख्यमंत्री खुद इस अभियान में शामिल होंगे। साथ में दोनों उपमुख्यमंत्री इस अभियान को लगातार सात दिन आगे बढ़ाएंगे। सभी सांसद, मंत्री, विधायक, एमएलसी और पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में रोजाना एक-दो घंटे बाजारों में सक्रिय रहेंगे। जिलों में प्रभारी मंत्री स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कर उन्हें अभियान से जोड़ेंगे। त्योहारों की खरीदारी के मौके पर ग्राहकों से संवाद कर उन्हें बताएं कि जीएसटी रिफॉर्म से आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है जिससे सस्ता सामान उपलब्ध हो रहा है। ग्राहकों के छोटे-छोटे वीडियो बनाए जाएंगे, जिसमें वे सस्ते सामान मिलने पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद देंगे। ये वीडियो अभियान के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत जनप्रतिनिधि दुकानदारों को गुलाब का फूल भेंट कर धन्यवाद देंगे। वे दुकानदारों को बताएंगे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुसार जीएसटी सुधार लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुकानों पर गर्व से कहो यह स्वदेशी है का पोस्टर लगाएं। अभियान के दौरान यह संदेश दें कि स्वदेशी केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत के श्रम, हुनर और परिश्रम की पहचान है। सीएम ने कहा कि जीएसटी सुधार से वस्तुएं सस्ती होंगी, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। इससे निवेश आएगा और रोजगार का सृजन होगा। सीएम ने सभी जनप्रतिनिधियों से उनके अगले सात दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा भेजने और उसे तत्परता से लागू करने का निर्देश दिया।



# जीएसटी विभाग की कार्यवाही : व्यापारी ने जमा कराये 32 लाख रुपये

**मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर में जीएसटी की कार्यवाई लगातार जारी है। टीम ने प्रिंस मेटल एंड इकाई ग्राम हुसैनपुर बोपाडा बेगराजपुर मुजफ्फरनगर पर जांच की तो पता गया कि 65.79 लाख रुपए का माल कम पाया गया तथा 59.58 लाख का माल अधिक पाया गया। व्यापारी द्वारा जांच के उपरांत 32 लाख रुपए जमा कराए गए। व्यापारी द्वारा जांच के उपरांत निर्माण कर बिक्री का कार्य किया जाता है। अधिक पाए गए माल को अधिग्रहण किया गया। साथ ही प्रपत्र की अधिग्रहित किए गए, जिसकी जांच की कार्रवाई प्रचलित है।




**NAME CHANGE**

This is to inform that I, Gorav Goel, S/o Shri Madan Lal, R/o 4.1 km. milestone Jansath Road, New Dwarika City, Muzaffarnagar (U.P.), Have Changed My Name Which is to be Known and Spelled as" Gaurav Goel" for all Future Purposes.

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 114150 | चांदी- | 123700 |
| सिक्का- | 1510 | गिन्नी- | 84850 |

## आपका आज का राशिफल

**रविवार, 21 सितम्बर, 2025**

**मेष-** आरोग्य सुख, व्यक्तित्व का विकास, आकस्मिक लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ, पारिवारिक प्रसन्नता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

**वृषभ-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, परिवार में मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, आर्थिक लाभ।

**मिथुन-** आज दिन 10/37 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद की आशंका, लाभ में कमी।

**कर्क-** विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक प्रगति।

**सिंह-** मनोवांछित सफलता, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।

**कन्या-** आज दिन 10/37 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, शेष समय में आर्थिक प्रगति, निजी इच्छाकी पूर्ति, किसी विवाद का समापन।

**तुला-** आज दिन 10/37 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोधकी अधिकता, मानसिक तनाव, आर्थिक हानि।

**वृश्चिक-** नवयोजना की शुरूआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन।

**धनु-** दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, निजी इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति, शत्रु परास्त।

**मकर-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

**कुम्भ-** आज दिन 10/37 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा संभव, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिन्तित, मानसिक तनाव।

**मीन-** किसी योजना की शुरूआत, पुराने विवाद का समापन, आशा के अनुकूल घटना घटित, स्वाध्याय की ओर रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तयों से सम्पर्क।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# कौशाम्बी में जुमे की नमाज के बाद लगाए सिर तन से जुदा के नारे



**कौशाम्बी, 20 सितंबर (एजेंसी)।** जुमे की नमाज के बाद शुक्रवार शाम मंझनपुर कस्बे में कुछ लोगों ने जुलूस निकालकर आपत्तिजनक नारेबाजी की। गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, सिर तन से जुदा जैसे नारे लगाए गए जिसका वीडियो वायरल होते ही माहौल गरमा गया। हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताई और कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस का दावा है कि जुलूस निकालने की कोई अनुमति नहीं ली गई थी। मस्जिद में नमाज शांति से संपन्न हो गई थी लेकिन शाम को कुछ युवकों ने अचानक जुलूस निकालकर नारेबाजी शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर 15-20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन युवक व सात नाबालिग को हिरासत में ले लिया। वीडियो वायरल होते ही हिंदू रक्षा समिति के जिला संयोजक वेद प्रकाश सत्यार्थी ने भी एक वीडियो जारी कर कहा कि इस तरह की नारेबाजी से हिंदुओं में भय और आक्रोश है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामला बढ़ता देख मंझनपुर कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई। एसपी राजेश कुमार के आदेश पर देर रात 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। सुबह पहचान के बाद 10 आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। इनमें पिपरी थाना क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी निवासी मो. फैज पुत्र मुसर्रफ अली, मंझनपुर मंसूर नगर निवासी नयाब अहमद पुत्र नवाब अहमद, नया नगर निवासी मो. सैफ पुत्र मो. जावेद और सात नाबालिग शामिल हैं। हिंदू जागरूकता और उनके अधिकारों के हित में काम करने वाले हिंदूवादी नेता वेद प्रकाश सत्यार्थी पर शनिवार को मुस्लिम महिलाओं ने हमला कर दिया। उन्होंने किसी तरह खुद को बचा लिया। उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया है। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। कस्बे में चर्चा है कि शुक्रवार शाम कस्बे के कुछ लोग समाज विरोधी नारे लगा रहे थे। वेद ने इनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इस पर पुलिस ने 10 लोगों पर कार्रवाई की है। इसी बात से नाराज आरोपियों के परिवार की महिलाओं ने घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। फिलहाल अभी तक पुलिस ने प्रकरण में कार्रवाई नहीं की है।

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में ग्रीन फाउंडेशन के द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बुस.)।** गोल्डन पब्लिक स्कूल में ग्रीन फाउंडेशन के तहत छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया और हरित वातावरण के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि वृक्ष न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि धरती को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने में भी सहायक होते हैं। विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया और यह संदेश दिया कि एक छात्र एक पेड़ से ही पर्यावरण संरक्षण संभव है। अंत में विशेषज्ञों के द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी वितरित किये गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण में योगदान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने ग्रीन फाउंडेशन के सदस्य लक्षित शर्मा, नारायण शर्मा, राजेंद्र कुमार जैन, आरुषी जैन, नीरज शर्मा, डॉ. संदीप अरोरा, सावन महिंद्रा एवं मोहित त्यागी के प्रयासों की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का आश्वासन दिया।

ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ
ਗੁਰਮੁਖ ਜਨਮ ਸਵਾਰ ਦਰਗਹ ਚਲਿਆ॥

**अंतिम अरदास**



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पिताजी

**स० मोहन सिंह सिडाना जी**

का आकस्मिक निधन (अकाल चलाना) 17 सितम्बर 2025 दिन बुधवार को हो गया था। वाहेगुरु जी की ऐसी ही इच्छा थी।
उनकी आत्मिक शांति हेतु
**अंतिम अरदास**
दिनाँक-21 सितम्बर 2025, दिन रविवार को होनी निश्चित हुई है।

अंतिम अरदास..................दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक
स्थान:गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, रोडवेज बस स्टैंड, मु०नगर(उ०प्र०)

**शोकाकुल परिवार**
हरचरण कौर (धर्मपत्नी)
गुरप्रीत सिंह सिडाना(रिक्की)-दविंदर कौर सिडाना (पुत्र-पुत्रवधू)
ईशदीप कौर सिडाना(पुत्रवधू)
जसविंदर कौर चड्ढा-परमजीत सिंह चड्ढा (पुत्री-दामाद)
चरनजीत कौर खुराना-शमशेर सिंह खुराना(पुत्री-दामाद)
हरजस सिंह सिडाना, प्रभजस सिंह सिडाना, गुनतास सिंह सिडाना(पौत्र)
समस्त एंव सिडाना एंव कुमार परिवार

**-प्रतिष्ठान-**
सिडाना इंडस्ट्रीज, पूरन किरपा ट्रेडर्स, युनाईटेड स्पेयर्स
मुजफ्फरनगर
मो० नं०: 9997013136, 9997773331



# कक्षा 4 के छात्र मुकुल की हत्या, परिवार ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)।** जिला कलेक्ट्रेट पर ककरौली थाना क्षेत्र के खेड़ी फिरोजाबाद निवासी मणिराम सैनी के परिवार ने इंसाफ की गुहार लगाई। कक्षा 4 में पढ़ने वाले 15 साल के नाबालिग बेटे मुकुल की हत्या का आरोप लगाते हुए मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार का कहना है कि गुरुवार को स्कूल से लौटते समय पड़ोसी का बेटा रास्ते में मिला और मुकुल को घर तक पीटा। फिर उसे मारकर उनके ही घर में फांसी के फंदे पर लटका दिया, ताकि आत्महत्या लगे। वारदात के समय पूरा परिवार मजदूरी पर गया था, लौटे तो शव मिला। ककरौली पुलिस के पास गए, तो धमकाकर भगा दिया। कलेक्ट्रेट पर पहुंचे, लेकिन अधिकारी व्यस्त थे। परिवार ने कहा कि जब तक आरोपी पकड़े न जाएं, इंसाफ न मिले, वो इंसाफ की मांग करते रहेंगे।

# रावण जन्म, दिग्विजय, देवता बंधन की लीला का किया मंचन

**जानसठ, 20 सितम्बर (बु.)।** कस्बे के मौहल्ला राम गली हुसैनपुरा में स्थित आदर्श रामलीला के मंच पर रामलीला के मंचन में रावण जन्म, दिग्विजय, देवता बंधन की लीला का मंचन किया गया। शुक्रवार की रात कस्बे की आदर्श रामलीला में रामलीला मंचन के दौरान रावण आदि के जन्म और दिग्विजय, देवता बंधन परमपिता ब्रह्मा जी से रावण के द्वारा अमृत्व का वरदान प्राप्त करने के बाद कुबेर की लंका पर उसकी जीत का सुंदर मंचन किया गया। कलाकारों के अभिनय पर खूब तालियां बजी। देर रात तक मंचन चलता रहा। अध्यक्ष अंकित संगल ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का 66वां वर्ष धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। रात रावण जन्म लीला का सुंदर मंचन किया गया। रामलीला का मंचन सहारनपुर से आए कलाकारों के द्वारा किया जा रहा है। अंकित संगल द्वारा मुख्य आरती की गई। इस दौरान मुख्य रूप से गोपाल संगल, राकेश पाल, नरेश संगल, बृजेश रस्तोगी, धनीराम धनगर, राजीव गुप्ता, अक्षय कंसल, रामधारी कश्यप, नरेश गुप्ता, नीलू उपाध्याय, कपिल कंसल, गुड्डू चौधरी, टीटू उपाध्याय, महेश चन्द शर्मा, अशोक उपाध्याय, चंद्रमुकुट शर्मा, राजन वाल्मीकि, धर्मेश सैनी, अनुज सैनी, अनिल वाल्मीकि, हरेंद्र चौधरी, शिवराज कंसल, बिट्टू ठाकुर, अवधेश संगल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रवण कुमार की मौत के बाद मिला राजा दशरथ को श्राप

**मीरापुर, 20 सितम्बर (बु.)।** कस्बे में श्री रामलीला मण्डल के तत्वावधान में रामलीला बाजार में चल रही पुरानी रामलीला में स्थानीय कलाकारों ने राजा दशरथ के बाण से श्रवण कुमार की मौत व उनके माता-पिता द्वारा राजा दशरथ को दिए गए श्राप की लीला का भव्य मंचन कर दर्शकों को भावुक कर दिया। दर्शकों की आँखों से अश्रुधारा निकल पड़ी। रामलीला बाजार में आयोजित पुरानी रामलीला के चौथे दिन रामलीला का मंचन कर रहे स्थानीय कलाकारों ने श्रवण कांड का मंचन किया।

इस लीला में मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थ यात्रा पर ले जा रहे थे। इस दौरान शिकार पर निकले अयोध्या के राजा दशरथ के शब्दभेदी बाण से उनकी मृत्यु हो जाती है, जिसके बाद श्रवण कुमार के माता-पिता राजा दशरथ को श्राप देते है कि उनकी मृत्यु भी पुत्र वियोग में होगी। इस लीला का स्थानीय कलाकारों ने ऐसा भव्य मंचन किया कि लोग भावुक हो उठे और रामलीला पंडाल में मौजूद अधिकांश लोगों की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। इस दौरान व्यवस्था बनाने वालों में मुख्यरूप से पंकज कुमार संगल, अनिता पुष्कर शर्मा, रमन रस्तौगी, मोहित गर्ग, पुनीत रस्तौगी, गौरव पुष्कर शर्मा, आशीष संगल, तेजपाल वर्मा, गगन अग्रवाल, संजय शर्मा, निशान्त माहेश्वरी, कमलेश वत्स शर्मा, अंकित अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# शाहपुर की रामलीला में चाची ताड़का मारी गई, अहिल्या का भी उद्धार हुआ



**शाहपुर, 20 सितम्बर (बु.)।** शाहपुर में चल रहे श्री आदर्श रामलीला महोत्सव में तीसरे दिन रंगमंच पर ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार की लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया। उसके अलावा इससे पूर्व भगवान श्रीराम एवं माता सीता के जन्म का दर्शनीय मंचन किया गया। रात्रि रामलीला में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। नगर के मेन बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान में प्रसिद्ध कलाकार मंडली दिन प्रतिदिन अपने अभिनय का लोहा मनवा रही है। श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड के बैनर तले चल रहे श्री आदर्श रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन राक्षसों के आतंक से मुक्ति के लिए भगवान राम एवं लक्ष्मण को मांगने राजा दशरथ के पास अयोध्या पहुंचते हैं। यहां राजा दशरथ का मुनि विश्वामित्र से संवाद हुआ। इसके बाद भगवान राम माता कौशल्या से मुनि के साथ जाने के लिए आज्ञा लेने आते हैं। कौशल्या और राम का संवाद होता है। इसके पश्चात राम-लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ उनके यज्ञ-हवन आदि की रक्षा के लिए वनों के लिए प्रस्थान करते हैं। यहां सुंदरवन में राक्षसी ताड़का का वध करते हैं। ताड़का सुकेतु यक्ष की पुत्री थी, उसका विवाह सुंड नामक राक्षस के साथ हुआ था, वह अपने दो पुत्रों सुबाहु व मारीच के साथ रहती थी। ताड़का में 1000 हाथियों के बराबर बल था। ताड़का वध के दौरान ताड़का का भयावह रूप देखकर रामलीला मैदान में उपस्थित दर्शक व बच्चे सहम गए। ताड़का के साथ भगवान राम उसके पुत्र सुबाहु का भी वध कर देते हैं और दूसरे पुत्र मारीच को अपने बाण लंका में पहुंचा देते हैं। मुनि विश्वामित्र भगवान राम को दिव्यास्त्र देते हैं। इस दौरान पंडो से भगवान राम लक्ष्मण की भेंट होती है, जो भगवान राम की वंशावली सुनाने के लिए आपस में तर्क-वितर्क करते हैं और इक्ष्वाकु वंश से लेकर राजा दिलीप भगीरथ से लेकर सूर्यवंश में रघु से लेकर महाराजा दशरथ तक की वंशावली सुनाते हैं। मार्ग में भगवान पत्थर की शिला बनी अहिल्या का उद्धार करते हैं। विश्वामित्र बताते हैं कि अहिल्या ब्रह्मा जी की मानस पुत्री थी, उनकी सुंदरता पर इंद्रदेव मोहित थे। उनके पति महर्षि गौतम ब्रह्म काल में गंगा स्नान के लिए जाते थे। देवताओं के राजा इंद्र ने अपनी इच्छा पूर्ति के लिए चंद्रमा से मिलकर मायावी विद्या का प्रपंच रचा। 1 दिन अर्धरात्रि में चंद्रमा ने मुर्गे की बांग दी। महर्षि गौतम ब्रह्म काल जानकर गंगा स्नान के लिए चले गए। इंद्र गौतम ऋषि का वेश बनाकर अहिल्या की कुटिया में दाखिल हो गए, जबकि चंद्रमा बाहर पहरे पर खड़े हो गए। गंगा स्नान के वक्त मां गंगा ने गौतम ऋषि को पूरे षड़यंत्र से अवगत करा दिया, जिसके बाद गुस्से से तिलमिलाए गौतम ऋषि ने कुटिया में पहुंचकर चंद्रमा को कमंडल दे मारा, तभी से चंद्रमा पर दाग है। उन्होंने चंद्रमा को श्राप दिया कि सदैव राहु की कुदृष्टि उस पर रहेगी, वहीं उन्होंने इंद्र को भी श्राप दिया कि कभी भी भविष्य में इंद्र को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाएगा और ना ही उसकी पूजा होगी। देवताओं का राजा होने के बाद भी आज तक इंद्र को कभी नहीं पूजा जाता है। उन्होंने अहिल्या को भी श्राप दिया कि वह तुरंत पत्थर की शिला बन जाए। बाद में ऋषि को एहसास हुआ कि अहिल्या की कोई गलती नहीं थी, तो वह अपने वचन वापस तो नहीं ले सकते थे, किंतु उन्होंने कहा कि भविष्य में युगों के उपरांत कोई दिव्य पुरुष अपनी चरण रज से तुम्हें छू लेगा, तो तुम अपने वास्तविक रूप में आ जाओगी। भगवान राम के चरण स्पर्श से पत्थर की शिला सुंदर नारी के रूप में परिवर्तित हो गई। इस दौरान कलाकारों द्वारा भगवान की महिमा में सुंदर गीत प्रस्तुत किए गए। भगवान राम ने लक्ष्मण की मौजूदगी में विश्वामित्र के समक्ष जनकपुरी में राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर में शामिल होने का निमंत्रण आता है। इससे पूर्व रंगमंच पर राम जन्म एवं सीता जन्म की लीलाओं का मंचन देख दर्शकगण भाव विभोर हो गए।

**नीलामी सूचना**

सर्व ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर में थाना पुरकाजी में कुल 47 वाहन (चार पहिया, दो पहिया) की दिनांक 23.9.2025 को थाना पुरकाजी में नीलामी करायी जानी है, जिसमें इच्छुक ठेकेदार दिनांक 23.9.2025 को थाना पुरकाजी पर समय 11.00 बजे उक्त थाना पर दाखिल वाहनों की नीलामी में 50000/-रूपये अर्नेस्ट मनी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इच्छुक ठेकेदार अन्य जानकारी थाना पुरकाजी पर आकर प्राप्त कर सकता है। इच्छुक ठेकेदार अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड व जीएसटी न० साथ लेकर आयेंगे। जिस ठेकेदार की बोली सबसे अधिक होगी तो नीलामी उसी अधिक धनराशि वाले ठेकेदार के नाम छोड़ी जाएगी, जिसे उसी दिन जमानत राशि का 25 प्रतिशत जमा करना होगा। छोड़ी गयी बोली पर 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से जमा किया जाएगा।

थाना पुरकाजी मुजफ्फरनगर
M.:9454404080

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद मुजफ्फरनगर

# प्राइवेट वाहनों के डेश बोर्ड पर लगी लाल नीली लाइट व अवैध हूटर जब्त

## - स्कॉर्पियो गाड़ी सीज तथा कार एक्सेसरीज दुकान से ली कब्जे में

**मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में लग्जरी गाड़ियों के डैशबोर्ड तथा फ्रंट ग्रिल पर लाल नीली लाइट (पुलिस कलर) तथा हूटर लगाकर चलने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया, जिसके चलते थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग की गयी तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही की गयी। थाना सिविल लाइन पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो नंबर यूके 07 एचए 3333 (जिसमें लाल नीली लाइट (पुलिस कलर) लगी थी, का चालान करते हुए धारा 207 मोटर व्हीकल अधिनियम में सीज किया गया। वाहन चालक से जब पूछताछ की गयी, तो उसने बताया कि मीनाक्षी चौक के पास कार एक्सेसरीज की दुकान से उसने लाल नीली लाइट (पुलिस कलर) लगवायी थी। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा तत्काल उक्त दुकान पर पहुंचकर चैकिंग की गयी तो काफी मात्रा में लाल नीली लाइट (पुलिस कलर) व हूटर बरामद हुए, जिन्हे जब्त किया गया तथा दुकान स्वामी को भविष्य में प्राइवेट वाहनों पर लाल नीली लाइट (पुलिस कलर) व हूटर न लगाने की सख्त हिदायत दी गयी।






# दिल्ली के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी भरे कॉल शनिवार सुबह डीपीएस द्वारका, कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल और सर्वोदय विद्यालय को आए। बम की धमकी मिलने के बाद बम निरोधक दस्तों के साथ पुलिस की टीमें स्कूलों में पहुंच गईं। इसके बाद एहतियात के तौर पर छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और परिसर की गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस टीम को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। स्कूल में बम होने की झूठी धमकी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई स्कूलों, एयरपोर्ट और हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। शुक्रवार को मुंबई से थाईलैंड के फुकेत जा रहे इंडिगो के एक विमान को बम की कथित धमकी के बाद चेन्नई हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतारा गया। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीआईएसएफ कर्मियों और हवाई अड्डे पर मौजूद अधिकारियों ने प्लेन की जांच की और धमकी को अफवाह करार दिया। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है। बंबई उच्च न्यायालय को शुक्रवार को बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला। यह एक सप्ताह में दूसरी बार है, जब अदालत को ऐसी धमकी मिली है और गहन जांच के बाद यह फर्जी पायी गयी। एक अधिकारी ने बताया कि सुबह-सुबह आधिकारिक आईडी पर दक्षिण मुंबई के अदालत परिसर में बम विस्फोट के बारे में एक ईमेल प्राप्त हुआ। अधिकारी ने बताया कि बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते ने गहन तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।**

पत्रांक- 1650/सा०प्र०/2025-26 दिनांक- 20/09/2025

**ई- निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग में विभाग में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत सामग्री की न्यूनतम दरें, व्यापार कर /आयकर/जी0एस0टी0 पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से ई-निविदा दिनांक 13/10/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 22/09/2025 की प्रात: 10 बजे से दिनांक 13/10/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, यह स्वघोषणा पत्र अंकन रु0 100/-के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी जो निविदा के समय स्कैन की जानी आवश्यक है तथा निविदा मूल्य (जी0एस0टी0सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के पक्ष में जारी कराते हुए दिनांक 13/10/2025 की प्रात: 10 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई -निविदाओं को दिनांक 13/10/2025 को सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस के सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य पालिका निधि/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत है।

मार्ग प्रकाश प्रभारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## मुख्य न्यायाधीश की मौखिक टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश की मौखिक टिप्पणी भी महत्वपूर्ण होती है, उसे पुरा देश सुनता है, जब वह धर्म के विषय में हो, और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। मुख्य न्यायाधीश की मौखिक टिप्पणी से उनके विरोध में टिप्पणियां चल रहीं हैं। अब धर्म निरपेक्षता की नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है, वह यह है कि जहाँ-जहाँ भी सनातन धर्म का विरोध हो, वहाँ-वहाँ ही धर्म निरपेक्षता है, जो हिन्दू विरोध की बातें करे, सनातन धर्म का मजाक उड़ाए, चाहे वह सनातन धर्म ही से जुड़ा हो, वो खुद को सेकुलर कहता है। समाज में ऐसे सम्प्रदाय खूब हैं, जो पूरे साम्प्रदायिक हैं, लेकिन उससे जुड़े लोग ये चाहते हैं कि सनातन परम्परा से जुड़े लोग हमारे जैसे साम्प्रदायिक न होकर सेकुलर रहें। यानी जो सेकुलर हो ही नहीं सकते, वह दूसरों के सेकुलर होने पर जोर लगाते हैं, यह बड़ी विचित्र स्थिति है। एक वर्ग जो कट्टर साम्प्रदायिक है, जिसे दूसरों की धार्मिक भावनाओं से कोई लेना देना नहीं, उसकी सोच अपनी कौम के अलावा उसे कुछ सोचने नहीं देती, वह वर्ग चाहता है कि वह तो अपनी लाइन पर ही चले, लेकिन दूसरे वर्ग अपनी लाइन पर न चलकर सेकुलर बने रहें। याद रहे कि वह वर्ग कभी सेकुलर नहीं होता, होता है तो केवल साम्प्रदायिक होता है, लेकिन वो रात-दिन इतना 'साम्प्रदायिक ताकतें-साम्प्रदायिक ताकतें' चिल्लाता है कि लोग भूल जाते हैं कि यही चिल्लाने वाला वर्ग सबसे बड़ा साम्प्रदायिक है। यूनेस्को की विश्व धरोहरों में शुमार खजुराहो के एक मंदिर में भगवान श्री विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण की याचिका खारिज करते समय की गयी मौखिक टिप्पणी से विवाद खड़ा होने के बाद अब मुख्य न्यायधीश बीआर गवई ने कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने यह स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियां इस संदर्भ में थीं कि वह मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई के अधिकार क्षेत्र में आता है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रण की बेंच ने मध्य प्रदेश में स्थित खजुराहो के एक मंदिर में भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति की मरम्मत और रखरखाव का आदेश देने से जुड़ी अर्जी खारिज कर दी थी। याचिका खारिज होने से याचिका कर्ता को इतनी ठेस नहीं लगी, जितनी मुख्य न्यायधीश की मौखिक टिप्पणी से पहुंची। सनातन मान्यता से जुड़े कई संगठनों ने भगवान विष्णु को लेकर मुख्य न्यायधीश द्वारा की गयी मौखिक टिप्पणी को आपत्तिजनक कहा है। सोशल मीडिया पर इसी पर चर्चा चल रही है पूछा जा रहा क्या किसी अन्य मामले में भी वे ऐसी टिप्पणी करंगे कि जाइये इबादत कीजिये, दुआ कीजिये उसने चाहा तो सब कुछ आपके हक में हो जाएगा? नहीं ऐसा नहीं किया जा सकता, केवल सनातन धर्म को मानने वालों को नसीहत की जा सकती है, क्योंकि वे आम तौर पर शान्तिप्रिय होते है, अधिक उत्तेजित होकर बर्ताव नहीं करते। बेंच ने इसे 'पब्लिसिटी के लिए दायर याचिका' बताते हुए याचिकाकर्ता से ये कहा था कि 'वह भगवान विष्णु के बड़े भक्त हैं, तो फिर उन्हीं से प्रार्थना करें और थोड़ा ध्यान लगाएं'। सीजेआई की इस टिप्पणी के बाद तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। विश्व हिंदू परिषद ने सीजेआई को नसीहत दी कि उन्हें अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए, जब आलोचनाएँ बढ़ गयी, तो मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियां केवल इस संदर्भ में थीं कि मंदिर एएसआई के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने कहा कि हमने यह एएसआई के संदर्भ में कहा था, मैंने यह भी सुझाव दिया था कि खजुराहो में शिव मंदिर भी है, जहां पर सबसे बड़ा शिवलिंग है। सॉलिसिटर जनरल ने हल्के अंदाज में यह कहा कि सोशल मीडिया की वायरलिटी के आगे न्यूटन का नियम भी असफल हो जाता है। उन्होंने कहा कि ये गंभीर भी है। पहले हम न्यूटन का नियम जानते थे, हर क्रिया की समान प्रतिक्रिया होती है। अब हर क्रिया की सोशल मीडिया पर असमान और अति-प्रतिक्रिया होती है। वहीं, सीजेआई ने सोशल मीडिया के नियंत्रण से बाहर होने के खतरों की ओर ध्यान दिलाते हुए हाल ही में नेपाल के हिंसक प्रदर्शनों का ज़िक्र भी किया। मुख्य न्यायधीश अपनी इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया यूजर्स के निशाने पर आ गए हैं। उनकी टिप्पणी को असंवेदनशील और अपमानजनक बताया जा रहा है। मुख्य न्यायधीश की नयी टिप्पणी सामने आने पर विश्व हिंदू परिषद ने अपने अध्यक्ष आलोक कुमार के हवाले से एक्स पोस्ट में लिखा कि सर्वोच्च न्यायालय में खजुराहो के प्रसिद्ध जावरी मंदिर में स्थित भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति की मरम्मत के लिए याचिका की सुनवाई थी। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने मौखिक टिप्पणी की, मूर्ति की मरम्मत के लिए भगवान से ही प्रार्थना कीजिए। विश्व हिंदू परिषद ने लिखा, न्यायालय न्याय का मंदिर है। भारतीय समाज की न्यायालयों में श्रद्धा और विश्वास है। हम सब का कर्तव्य है कि यह विश्वास न सिर्फ.बना रहे वरन और मजबूत हो। हम सब का यह कर्तव्य है कि अपनी वाणी पर संयम रखें। विशेषतया न्यायालय के अंदर। यह ज़िम्मेदारी मुकदमा लड़ने वालों की है, वकीलों की है और उतनी ही न्यायाधीशों की भी है। हमको लगता है कि मुख्य न्यायाधीश की मौखिक टिप्पणी ने हिंदू धर्म की आस्थाओं का उपहास उड़ाया है। अच्छा होगा अगर इस तरह की टिप्पणी करने से बचा जाए। सोशल मीडिया पर मुख्य न्यायधीश के विरुद्ध टिप्पणियों की बाढ़ सी आ गयी है। डिजाइनर और एंटरप्रेन्योर सावित्री मुमुक्षु ने मुख्य न्यायधीश की टिप्पणी पर कहा, इस नव-बौद्ध मुख्य न्यायाधीश पर तुरंत महाभियोग चलाओ! कल्पना कीजिए कि एक मुख्य न्यायाधीश इतना असभ्य और असंवेदनशील हो। क्या उनमें इतनी हिम्मत है कि वे किसी मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध या सिख आवेदक की आस्था का इतना खुलेआम मजाक उड़ा सकें? ये सोचते हैं कि वे हमारे देवताओं का मजाक और अपमान करके बच निकलेंगे, क्योंकि हिंदू सड़कों पर उतरकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं करते। वे जाओ और देवता से ही कुछ करने को कहो, कहकर हमारे श्री विष्णु का खुलेआम मजाक उड़ा रहे हैं। मुख्य न्यायधीश से क्या चाहते हैं, यह सोच-समझकर कहें, आपका अनादर सोए हुए भगवान विष्णु को जगा सकता है और जब वे वास्तव में इस स्थिति के बारे में कुछ करने का फैसला करेंगे, तब आपको अपने जन्म का पछतावा होगा। विनाश काले विपरीत बुद्धि।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'नशेड़ी' 'तम्बाकू' 'जीएसटी' 'लहंगा'

ये तो अच्छा है के नशेड़ी मादकता से हट सकते हैं,
तम्बाकू और नशे की चीजें हद से जियादा महंगी होंगीं।
लहंगा और भी महंगा होगा, शेरवानी के दम बढ़ेंगे,
जीएसटी के नये नियम से बहुत सी चीजे सस्ती होंगीं।

# नवरात्र को लेकर सजे बाजार दिनभर खूब हुई खरीदारी

▶ सांझी स्वरूप में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की देर रात्रि तक बिक्री ▶ फल-फूल व पूजन सामग्री को लेकर बाजारों में दिखी रौनक





मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। देशभर में शीतकालीन नवरात्र की दस्तक और पितृपक्ष की रविवार को विदाई की शुरू तैयारियों के बीच नगर क्षेत्र में दिनभर घरों से बाजारों तक हर ओर चहल-पहल दिखाई दी। इस बीच गली-मौहल्लों के साथ मुख्य बाजारों में चारीदारी होती रही, वहीं घरों व देवी मंदिरों को भी सजाया गया। इस बीच नगर के हृदयस्थल शिवचौक समेत अन्य बाजारों में दुकानों के साथ फड लगाकर मां दुर्गा की मूर्तियों के साथ पूजन सामग्री की दुकानें सज गई। सांझी खरीदने के लिए इस बीच कच्ची सड़क के साथ ही अन्य बाजार में देर रात्रि तक महिलाएं पहुंची। रविवार को होने वाली पितृ अमावस्या को लेकर भी दिनभर बाजारों में चहल पहल देखने को मिली। नवरात्र का व्रत सोमवार 22 सितम्बर से शुरू हो रहा है। इसी के साथ नवरात्र आयोजनों से अगले दस दिनों तक पूरा क्षेत्र मां दुर्गा की पूजा-आराधना में डूब जाएगा। नवरात्र महोत्सव की दस्तक के बीच व्रत के आयोजनों को लेकर पूजन सामग्री कारोबार व फलाहार का बाजार भी चमक उठा है। कारोबार में इजाफा होने की वजह से बाजार पूरी तरह से त्योहारी मूड में दिखाई देने लगे हैं। वहीं थोक बाजार में वस्तुओं की मांग के सापेक्ष तमाम बाजारों में सामग्री पट चुकी है। नवरात्रों को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बीच शहर के बाजारों में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाओं के साथ श्रृंगार सामग्री और पूजा के सामानों की जमकर बिक्री होती रही। इस बीच श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं एवं सांझी मां की मनमोहक मूर्तियों की जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने पूजा-पाठ के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूपबत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी और कपूर सहित अन्य सामग्री खरीदी। नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाजारों में कुट्टू, फल व व्रत संबंधी अन्य खाद्य सामग्री की भी विशेष दुकाने सज गई हैं। वहीं मां के भक्तों को परेशानी से बचाने के लिए इस बार मिट्टी के साथ आम के पत्ते भी बाजार में उपलब्ध हैं।





## नारी सुरक्षा, सम्मान के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान का किया शुभारंभ

### - एनआईसी में दिखाया गया कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान का शुभारंभ किया गया। सभी 1647 स्थान में नव स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का उद्घाटन, मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित एसओपी की पुस्तिकाओं का विमोचन एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसका सीधा प्रसारण एनआईसी में राज्यमंत्री ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर व कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, बुढ़ाना विधायक राजपाल सिंह बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, मीडिया प्रभारी अचिंत मित्तल, डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार, एडीएम ई. संजय कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, सीएमओ सुनील तेवतिया, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार, उपायुक्त उद्योग जैस्मिन, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम विश्नोई सहित अन्य माननीय एवं संबंधित अधिकारियों ने देखा एवं सुना गया। इसके उपरांत राज्य मंत्री ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर एवं कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर मिशन शक्ति बीना शर्मा को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ में सहभागिता निभाने पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## उर्दू शब्दों के इस्तेमाल पर सूचना मंत्रालय ने हिंदी न्यूज चैनलों को भेजा नोटिस

नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसी)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने प्रमुख हिंदी न्यूज चैनलों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। 9 सितंबर, 2025 को दर्ज एक शिकायत के आधार पर मंत्रालय ने पांच बड़े न्यूज चैनलों को औपचारिक नोटिस भेजा है। ठाणे (महाराष्ट्र) के निवासी एस.के. श्रीवास्तव ने 9 सितंबर 2025 को सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी कि हिंदी न्यूज चैनल टीवी9 भारतवर्ष, आज तक, एबीपी न्यूज, जी न्यूज और टीवी18 अपने प्रसारण में लगभग तीस प्रतिशत उर्दू शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि ये चैनल हिंदी न्यूज चैनल होने का दावा करते हैं लेकिन अपनी रोजाना की टिप्पणियों में अन्य भाषाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो जनता के साथ धोखाधड़ी और आपराधिक कृत्य है। उन्होंने मांग की कि इन चैनलों को भाषा विशेषज्ञ नियुक्त करने और अपनी वेबसाइट पर भाषा विशेषज्ञ का प्रमाणपत्र साझा करने का निर्देश दिया जाए। वह आगे जोड़ते हैं, ह्यमेरा एक उद्देश्य यह भी है कि जो हिंदी बोलते हैं। हिंदी में बीए, एमए और पीएचडी करते हैं, उनको कुछ काम मिल जाए।

18 सितंबर 2025 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अवर सचिव नवनीत कुमार ने पांचों चैनलों को अलग-अलग पत्र भेजे, जिसमें बताया गया कि उनके खिलाफ कथित तौर पर गलत हिंदी के इस्तेमाल की शिकायत मिली है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि शिकायत के आलोक में चैनलों के खिलाफ केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम के अनुसार आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। चैनलों को पंद्रह दिनों के भीतर शिकायत पर लिए गए निर्णय की सूचना मंत्रालय और शिकायतकर्ता को देने का आदेश दिया गया है। ध्यान रहे, केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2025 में केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2025 लागू किया गया था। सरकार के मुताबिक, ये नियम केबल टेलीविजन सेक्टर के आधुनिकीकरण और बेहतर नियंत्रण के लिए बनाए गए हैं। सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवेंस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल पर दर्ज यह शिकायत 19 सितंबर, 2025 को केस क्लोज्ड के रूप में चिह्नित की गई। वर्तमान में सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार शिकायतों का निवारण 21 दिनों में किया जाता है, जो पहले 30 दिन था।

## तहसील से पहुंचे अधिकारियों ने कार्ड धारकों के बयान दर्ज कराए

भोपा, 20 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के ग्राम योगेंद्र नगर में राशन डीलर के खिलाफ लगे आरोपों के बाद तहसील प्रशासन ने गांव में खुली पंचायत का आयोजन किया और कार्ड धारकों के बयान दर्ज कराए। ग्रामीणों द्वारा राशन डीलर के खिलाफ पंचायत कर नारेबाजी किए जाने के बाद नायाब तहसीलदार बृजेश कुमार और सप्लाई इंस्पेक्टर गौरव निर्वाल के साथ अन्य अधिकारियों ने गांव का दौरा किया। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम योगेंद्र नगर में बुधवार को सैकड़ों की संख्या में राशन कार्ड धारकों ने गांव में पंचायत कर राशन डीलर पर गंभीर आरोप लगाए थे। ग्रामीणों ने राशन डीलर पर महिलाओं के साथ गाली-गलौच व शराब पीकर राशन बांटने का आरोप लगाया था। शनिवार को तहसील प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार बृजेश कुमार व सप्लाई इंस्पेक्टर गौरव निर्वाल गांव में पहुंचे और ग्रामीणों के साथ खुली बैठक कर राशन वितरण में अनियमितताओं की जांच की। सूत्रों के अनुसार तहसील के अधिकारियों ने कुछ दिन पहले लगभग 205 कार्डधारकों के बयान दर्ज किए थे, जबकि शनिवार को बैठक में लगभग 98 और बयान दर्ज किए गए हैं। अब तक कुल 303 से अधिक बयान दर्ज हो चुके हैं। तहसीलदार बृजेश कुमार ने बताया कि यदि राशन डीलर के खिलाफ पर्याप्त शिकायतें मिलती हैं, तो उसका कोटा निरस्त किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सप्लाई इंस्पेक्टर गौरव निर्वाल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से देखा जाएगा और पारदर्शी तरीके से जांच की जाएगी। ग्रामीणों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अब उन्हें न्याय मिलेगा।

## जिले में 30 नवजात बेटियों की माताओं को किया सम्मानित



मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। महिला चिकित्सालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 30 नवजात बेटियों की माताओं को विभाग की ओर से बेबी किट, खिलौने एवं मिठाई देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सपना कश्यप, सदस्य महिला आयोग रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में डॉ. आभा आत्रे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, नीना त्यागी, संरक्षण अधिकारी, शिवांगी मिशन कॉर्डिनेटर, रितु, प्रबंधक राजकीय दत्तक इकाई, शिवम, जेंडर स्पेशलिस्ट, शुभम, सहायक लेखाकार तथा अरुण एवं नितिन शामिल रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम के तहत शासन द्वारा संचालित की जा रही मुख्य योजनाओं के बारे में आमजन मानस को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के साथ समाज में लिंगानुपात सुधारना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक, बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ना और उनके समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ बालिकाओं के जन्म, सुरक्षा और शिक्षा पर विशेष जोर देने और विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को बेटियों के महत्व से अवगत कराना था। इसके अलावा कन्या शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से यूपी सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके तहत ही स्नातक/डिप्लोमा तक की शिक्षा हेतु 25,000 रुपए तक की मदद 6 किस्तों में दी जाती है। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि बेटियाँ किसी से कम नहीं, वे राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं। उनके जन्म और शिक्षा को प्रोत्साहित करना हम सभी का कर्तव्य है।

## मोदी जी घुटने टेकते नहीं, घुटने टिकवाते हैं: नरेन्द्र कश्यप



मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर से आगामी 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप व जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी की अध्यक्षता एवं विपुल भटनागर व दिनेश बंसल ने संयुक्त रूप से संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि वर्ष 2024 में पिछड़ा वर्ग गरीब छात्र-छात्राओं को 32200 रुपए प्रत्येक को सीधे उनके खाते में 2475 करोड़ रुपए पूरे साल के गये हैं, इसमें एक रुपया भी रिश्वत के रूप में नहीं लिया गया।

उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग की गरीब कन्याओं के विवाह हेतु करीब दो सौ करोड़ सीधे उनके खाते में भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक अर्थव्यवस्था में भारत 11वें स्थान पर था, जो अब मोदी जी के नेतृत्व में चौथे स्थान पर है और जल्द ही तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह सब कर दिखाने की हिम्मत मोदी जी ही दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नारी के अधिकार की बात आती है, तो कांग्रेस बिल फाड देती थी और भाजपा नारी को सशक्त बनाने का काम करती है। अगले पांच सालों में हर तीसरी महिला सांसद व विधायक होगी। कार्यक्रम में मंत्री कपिल देव, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, कैप्टन प्रवीण कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रदीप सैनी, डॉ. वीरपाल निर्वाल, आंचल तोमर, उमेश मलिक, पवन अरोरा, संजय अरोरा, श्रीमोहन तायल, देशबंधु तोमर, श्रीगोपाल माहेश्वरी, ममता अग्रवाल, प्रवीण खेड़ा, नंद किशोर, कपिल त्यागी, रजत धीमान, अमित पटपटिया, देवेश कौशिक, राजू अहलावत, गीता जैन, महेशो चौधरी, संदीप शर्मा, सुधीर खटीक, शोभित गुप्ता, पंकज माहेश्वरी, पवन छाबड़ा, सलीम अहमद, नकुल उपाध्याय, नरेश त्यागी, श्रीपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।




बिकाऊ है

एक मकान डबल स्टोरी, जिसमें दो दुकानें बनी हुई, 140 गज में, सभी सुविधाओं से युक्त, इंदिरा कॉलोनी, बर्फखाने वाली गली, कच्ची सड़क, मुजफ्फरनगर में बिकाऊ है।

सम्पर्क सूत्र- 9892378271


## आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का जनपद आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत



मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बुस.)। जनपद के मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में पधारे उप्र उद्योग व्यापार संगठन रजि. के प्रदेश अध्यक्ष व आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल के निर्देशन में प्रदेश मंत्री स. बलविंदर सिंह, जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक सुनील तायल, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल, जिला युवाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, जिला युवा महामंत्री भूपेंद्र गोयल, नगर युवा अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा पटका पहनाकर बुके भेंट करते हुए स्वागत-सम्मान किया गया। मंत्री नितिन अग्रवाल द्वारा सहारनपुर मंडल के मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर से आए व्यापार संगठन व लघु उद्योग भारती पदाधिकारियों एवं वैश्य समाज के गणमान्यों के साथ बैठक करते हुए आगामी नवंबर माह में लखनऊ में आयोजित व्यापारी महासम्मेलन को सफल बनाने एवं ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करने पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल एवं अंकित गोयल (शामली) द्वारा कहा कि लखनऊ में आयोजित महा सम्मेलन में सहारनपुर मंडल के साथ ही पश्चिम की भारी संख्या में भागीदारी रहेगी। इस अवसर पर शिवकुमार सिंघल, विजय कुच्छल, राजेंद्र अरोरा, विभोर मल्होत्रा, उदित किंगर, सुनील अरोरा, कुलदीप मित्तल, प्रदीप मित्तल, संदीप मित्तल, उद्योगपति जगमोहन गोयल, राजेश गर्ग सहित लघु उद्योग भारती, वैश्य समाज व व्यापार संगठन कस्बा चरथावल, जानसठ के अनेकों पदाधिकारी व गणमान्य उपस्थित रहे।

## स्व. अनिता तायल की पंचम पुण्यतिथि पर नेत्र शिविर का आयोजन



मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान प्रेमपुरी मुजफ्फरनगर द्वारा स्व. अनिता तायल धर्मपत्नी राम कुमार तायल प्रदेश महामंत्री, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की पंचम पुण्यतिथि पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। वरदान नेत्र चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. अनिता तायल की पुण्य स्मृति में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संस्थान की इस सेवाभावी पहल की सराहना की। शिविर में कुल 190 मरीजों की नेत्र-जांच हुई, जिनमें से 23 मरीज ऑपरेशन हेतु चयनित किए गए। चयनित सभी रोगियों का ऑपरेशन संस्थान पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा। कैंप में डॉ. स्वाती अग्रवाल बनारस यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडलिस्ट है, जो संस्थान में रोगियों की जाँच एवं मोतिया बिन्द आपरेशन करती है। इस दौरान संस्थान अध्यक्ष शिवचरण दास गर्ग, सचिव पवन गोयल, कोषाध्यक्ष भानुप्रताप अग्रवाल, योगेंद्र जैन, अशोक अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, अक्षत जैन, अंकित गर्ग, अमित गर्ग, शिशु कांत गर्ग, राजेश मित्तल, सतीश गोयल, कमल गोयल, सुगंध जैन, अनमोल अग्रवाल, वंसज तायल, डॉ. अनिल गुप्ता, अस्पताल स्टाफ मयूर अग्रवाल, प्रवीण कुमार, सुरेंद्र कुमार, मोहिनी प्रजापति, निशा, पूजा, सन्नी, परवेज आदि सहित अनेक व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान सभी उपस्थितजनों ने संस्थान द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं परोपकारी कार्यों की सराहना की और इसे समाजहित में अनुकरणीय बताया।

## महिला डीलर के विरुद्ध ग्रामीणों ने जमकर किया हंगामा



बुढ़ाना, 20 सितम्बर (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव कुरथल की महिला राशन डीलर के विरुद्ध सैकड़ों ग्रामीणों ने कई आरोप लगाते हुए जहां एक और बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंचकर बुढ़ाना एसडीएम कार्यालय को एक ज्ञापन दिया, वहीं दूसरी ओर उन्होंने महिला राशन डीलर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि गांव कुरथल के ही संजय कुमार सहित अन्य सभी ग्रामीणों के राशन कार्ड बने हुए हैं। गांव की वर्तमान राशन डीलर रचना पत्नी सतेन्द्र कुमार किसी भी राशन कार्ड धारक को कभी भी पूरा राशन नहीं देती है तथा उनके पूरा राशन मांगने पर उनके साथ लड़ाई-झगड़े पर आमादा रहती है। एक राशन कार्ड धारक के राशन कार्ड में अगर 07 यूनिट हैं, तो उसको महिला राशन डीलर के द्वारा पूरा राशन नहीं दिया जाता है। राशन डीलर समय पर राशन वितरण नहीं करती है तथा न ही समय पर राशन की दुकान को खोलती है। अगर कोई भी राशन कार्ड धारक अपना राशन लेने के लिये राशन डीलर के पास जाता है, तो वह उसको वहां से बहला-फुसलाकर भगा देती है। राशन डीलर सभी कार्डधारकों के साथ घटतौली करती रहती है। ये डीलर दो कांटे रखती है और जिससे गेंहू और चावल देती है, तो वह कांटा ईंट-पत्थरों का है। उक्त डीलर बहुत ही चालाक व मुठमर्द किस्म की महिला है। इस डीलर से काफी लोग तंग व परेशान हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि उनको डीलर से पूरा राशन दिलवाया जाए। इस दौरान एसडीएम को ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सोहित कुमार, समर, जसवंत, नैनपाल, संजय, टीटू, धर्मवीर, सोनू, विकास, सत्तू, शमशेर, सोमपाल और विकास आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



## सपा नेता ने महिलाओं को सौंपे दो-दो लाख के चैक

### - उपचुनाव के दौरान पुलिस से मोर्चा लेने का वीडियो हुआ था वायरल

भोपा, 20 सितम्बर (बु.)। मीरापुर विधानसभा उपचुनाव में वोट डालने से रोकने का आरोप लगाकर भीड़ द्वारा पथराव करने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस से मोर्चा लेने वाली महिलाओं को सपा सुप्रीमो ने दो-दो लाख का चैक भेजा है। शनिवार को ककरौली पहुंचे सपा नेता कादिर राणा ने महिला को चेक सौंपते हुए उसकी जमकर तारीफ की। मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर उपचुनाव में मतदान के दौरान वोट ना डालने देने का आरोप लगाते हुए भीड़ द्वारा भारी बवाल किया गया था। ककरौली में भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया था, जिसके बाद एक बार पुलिस को जान बचाकर भागना पड़ा था। बवाल के बाद गांव में अफरातफरी मच गई थी। सूचना पर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे एसएचओ राजीव शर्मा ने बल प्रयोग कर बवाल करने वाली भीड़ को मौके से खदेड़ दिया था और चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया था। उसी दौरान एक वीडियो वायरल हुई थी, जिसमें दो महिलाएं ककरौली एसएचओ राजीव शर्मा से मोर्चा लेती दिखाई दी थी, जिसके बाद सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा भी यह वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई थी। शनिवार को सपा सुप्रीमो ने महिलाओं का वोट रक्षक योद्धा के नाम से सम्मान करते हुए दो लाख का चैक भेजा। उपचुनाव में सपा प्रत्याशी रही सुम्बल राणा के ससुर सपा नेता कादिर राणा ने तौहीदा व तंजिला को दो-दो लाख का चैक सौंपते हुए दोनों की जमकर तारीफ की।

## डीएवी कॉलेज के मेधावियों ने बढ़ाया जिले का सम्मान

### - तृतीय दीक्षांत समारोह में गोल्ड मैडल से हुए सम्मानित







मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। शनिवार को मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर प्रांगण में आयोजित हुए तृतीय दीक्षांत समारोह में मुजफ्फरनगर के प्रसिद्ध महाविद्यालय डीएवी कॉलेज के 05 छात्र-छात्राओं ने जनपद का गौरव बढ़ाया है। विश्वविद्यालय कुलाधिपति और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गोल्ड मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सहारनपुर में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह जनमंच सभागार में शनिवार को गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलाधिपति और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूजीसी के पूर्व उपाध्यक्ष दीपक कुमार श्रीवास्तव रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को उपाधि और मेडल प्रदान किए गए। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और शिक्षा को समाज की सेवा से जोड़ने का आह्वान किया। डीएवी डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर के सम्मानित होने वाले इन छात्र-छात्राओं में आरती शर्मा एलएलएम, आकांक्षा एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, मानसी त्यागी एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, वंश एमएम मनोविज्ञान तथा सांख्यिकीय विभाग से निकिता शामिल रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. गरिमा जैन ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उनके कॉलेज के पांच विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। उन्होंने सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# भ्रष्टाचार में सरकारी अधिकारियों ने सारी सीमाएं की पार

## बुलेटिन ने सोशल मीडिया पर खबर चलाई तो देनी पड़ी सफाई

**मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)।** भ्रष्टाचार में सरकारी अधिकारियों ने सारी सीमाएं पार कर रखी है, हैरानी की बात यह है कि जो सरकार अपने आप को पूरी तरह से ईमानदार बताती है इस सरकार में भ्रष्टाचार के रोज नए खुलासे हो रहे हैं। यह भ्रष्टाचार सिर्फ मौखिक नहीं है, बकायदा सबूतों के साथ भ्रष्टाचार को पकड़ा जा रहा है। दरअसल आज नगर पालिका के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी अतुल कुमार के भ्रष्टाचार का खुलासा किया जा रहा है।

जब यह मुजफ्फरनगर में नगर पालिका के पद पर थे, तो अपने आप को सबसे ज्यादा होनहार साबित करने का प्रयास करते थे, मगर पूरे कार्यकाल में डॉक्टर अतुल कुमार सबसे ज्यादा विवादों में रहे। विवादों के बाद अब एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। दरअसल रामपुरी के रहने वाले रविकांत पुत्र मनी रामल्ली नगर पालिका में ड्राइवर की नौकरी की चाहत आई थी। आउटसोर्सिंग की नौकरी के लिए उनसे नगर स्वास्थ्य अधिकारी अतुल कुमार ने 2,00,000 की मांग की थी और 1,40,000 रुपए में सौदा पट गया था, मगर कई महीने बाद भी पीड़ित रविकांत को जब कोई नौकरी नहीं मिली और कई महीने तक पैसे मांगने के बावजूद भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने रविकांत का पैसा नहीं लौटाया। इसी बीच नगर स्वास्थ्य अधिकारी यहां से चले गए, मगर पैसा तभी भी नहीं उठाया गया। बहुत कहने-सुनने पर 20,000 और रिश्वत के लिए हुए डॉक्टर अतुल कुमार द्वारा लौटाये गए। फिलहाल रिश्वत के 1,20,000 रुपए डॉक्टर अतुल कुमार पर बकाया बताए गए हैं। भ्रष्टाचार के खुलासे में ऑडियो भी जारी किया जा रहा है, जिसमें अतुल कुमार बार-बार पैसा देने की बात को टालते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। अब सवाल कीजिए अपने आपको ईमानदार बताने वाले नेताओं से कि उनकी मौजूदगी में कैसे इतने बड़े-बड़े भ्रष्टाचार हो रहे हैं और क्यों? उनका जवाब नेता नहीं दे पा रहे हैं। क्या भाजपा की सरकार इसलिए बनवाई थी कि औरों की तरह भाजपाई भी भ्रष्टाचार में अपना पूरा सहयोग करें या फिर यह कहिए कि उनकी नाक के नीचे भ्रष्टाचार होता है और यह बस तमाशा देखते रहें और बस हैरानी जताते रहें। भ्रष्टाचार की पोल खोलने से पहले ही डॉक्टर अतुल कुमार ने अपनी सफाई देना शुरू कर दिया है। मुजफ्फरनगर बुलेटिन पर कल पोस्ट डालने के बाद 14000 वापस किए गए और बाकी के पैसे के लिए कह रहे हैं कि मैंने नहीं लिए। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि मैंने 40 हजार किसी काम के लिए उधार लिए थे । यदि अतुल कुमार साफ सुथरी छवि के हैं, तो जरा जनता को यह बताएं कि किस लिए उधार लिए थे। जिस अधिकारी की इतनी मोटी तनख्वाह हो, वह एक आम आदमी से क्यों 40 हजार उधार ले रहा है। इस बात का भी खुलासा डॉक्टर अतुल कुमार को ही करना ही पड़ेगा, हालांकि डॉक्टर अतुल कुमार यह साबित कर नहीं पाएंगा कि उन्होंने 40 हजार लिए तो किस लिए गए हैं। फिर भी उनका वर्जन बुलेटिन द्वारा दिया जा रहा है।

## डीसीएम की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**खतौली, 20 सितंबर (बु.)।** शनिवार की सुबह दो युवक दौड़ लगाने के बाद मीरापुर मार्ग पर सड़क किनारे बैठकर विश्राम कर रहे थे तो बताया जाता है कि इसी दौरान तेज गति से आई डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। वाहन चालकों द्वारा तत्काल घटना की सूचना पुलिस की दी तो सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की सहायता से एम्बूलेंस द्वारा तत्काल घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां घायल वंश (17) पुत्र नरेश निवासी गांव चिंदौड़ा थाना जानसठ की मौत हो गयी, जबकि गंभीर घायल अंशुल पुत्र अर्जुन निवासी गांव चिंदौड़ा को उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। पुत्र की मौत की सूचना से मृतक वंश के परिजनों में कोहराम मचा है।

## अयोध्या में सेक्स रैकेट, 11 लड़कियां पकड़ी

### गेस्ट हाउस मालिक और उसके दो सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया गया

**अयोध्या, 20 सितंबर (एजेंसी)।** अयोध्या में गेस्ट हाउस में सेक्स रैकेट चल रहा था। शुक्रवार रात 11 बजे पुलिस ने छापा मारकर 11 लड़कियों को पकड़ लिया। गेस्ट हाउस मालिक और उसके दो सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के गेस्ट हाउस में पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गई। कमरों में मौजूद लड़कियां भागने लगीं, लेकिन बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस जब थाने ले जाने लगी तो लड़कियां अपना चेहरा दुपट्टे से छिपाती रहीं। पुलिस जांच में सामने आया है कि गेस्ट हाउस मालिक लड़कियों को बिहार और गोरखपुर से लाता था। किसी को शक न हो इसलिए उन्हें गेस्ट हाउस से बाहर नहीं निकलने देता था। उनके खाने-पीने का सारा इंतजाम गेस्ट हाउस में ही करता था। एसपी सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया- एक लड़की के पास से 1.35 लाख रुपए कैश मिले हैं। पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र के रानी सती गेस्ट हाउस का है। गेस्ट हाउस, फतेहगंज पुलिस चौकी से महज 500



मीटर दूर है। शुक्रवार देर रात 11 बजे 4 थानों के 25 पुलिसवाले 5 गाड़ियों से गेस्ट हाउस पहुंचे। इसमें 6 महिला पुलिसकर्मी भी थीं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पुलिस वालों के पहुंचते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग जुट गए। सभी वीडियो बनाने लगे। कुछ पुलिसवाले गेस्ट हाउस के अंदर गए, जबकि कुछ बाहर ही खड़े थे। 2-3 लड़कियां भागकर बाहर आईं, लेकिन बाहर खड़े पुलिसवालों ने उन्हें पकड़ लिया। इस दौरान आसपास के लोग वीडियो बनाने लगे। इसके बाद लड़कियों ने अपना मुंह दुपट्टे से बांध लिया। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया-स्थानीय स्तर पर काफी समय से गेस्ट हाउस को लेकर सेक्स रैकेट चलने की शिकायतें मिल रही थीं। चार दिन पहले भी पुलिस ने शक होने पर वहां जाकर पूछताछ की थी।

## नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान ने सीजफायर का किया उल्लंघन, भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**जम्मू, 20 सितंबर (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद शनिवार को पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर में सीमा पर सीजफायर का उल्लंघन किया है। सूत्रों की मानें तो पाकिस्तान की ओर से लीपा घाटी के हंदवाड़ा कुपवाड़ा में संघर्ष विराम उल्लंघन (सीएफवी) का उल्लंघन किया गया। छोटे हथियारों से गोलीबारी की खबर है। जानकारी के लिये आपको बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया था और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। तब से अब तक कोई ऐसी घटना नहीं हुई थी। वहीं आज दूसरी ओर, उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने शनिवार को उत्तरी कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा स्थिति और घुसपैठ रोधी ग्रिड की समीक्षा की। उत्तरी कमान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्ललेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा, आर्मीकमांडर एनसी ने उत्तरी कश्मीर में सुरक्षा स्थिति और घुसपैठ रोधी ग्रिड की समीक्षा की। अपने दौरे के दौरान, उन्होंने एक युद्ध-सक्षम प्रदर्शन देखा और समकालीन खतरों का मुकाबला करने के लिए विशिष्ट तकनीकों को अपनाने और नवाचार के लिए सभी रैंकों की सराहना की। इसमें आगे कहा गया, दौरे के दौरान, उन्होंने सैनिकों की रचनात्मकता को प्रदर्शित करने वाला एक प्रभावशाली नवाचार प्रदर्शन भी देखा। उन्होंने सभी रैंकों से दृढ़ संकल्पित रहने और इसी प्रतिबद्धता के साथ सेवा जारी रखने का आग्रह किया।

**ई-ग्राम स्वराज पोर्टल बिना किया 17.43 लाख का भुगतान ▶▶ मामले की गंभीरता पर ग्राम प्रधान को भी किया जाएगा तलब**

# 21 लाख की धांधली में ग्राम विकास अधिकारी सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)।** जनपद में ग्राम विकास अधिकारी को 21 लाख रुपये की धांधली के गंभीर आरोप में निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल का उल्लंघन करते हुए पुरानी आईडी से भुगतान किया और डस्टबिन के नाम पर गड़बड़ी की। निरीक्षण में कचरा पात्र टूटे मिले व गंदगी पाई गई। सचिव ने डीपीआरओ को गुमराह करने का प्रयास किए जाने के पोर्टल से भुगतान की जानकारी पर धोखाधड़ी उजागर हुई।
मोरना ब्लॉक की ग्राम पंचायत कम्हेड़ा में ग्राम विकास अधिकारी को डीपीआरओ द्वारा करीब 21 लाख की हेराफेरी में निलंबित किया है। इन्होंने 17.43 लाख रुपये का भुगतान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से न करके नियम विरुद्ध पिछले वर्षों की आईडी से कर दिया। वहीं गांव में 3.68 लाख रुपये के डस्टबिन दर्शा दिए, जब कि मौके पर कोई भी डस्टबिन नहीं मिले। मामले में ग्राम प्रधान को भी तलब किया जाएगा। डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव व एडीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने 16 सितंबर को कम्हेड़ा का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में पाया गया कि गांव के मुख्य मार्ग पर बने कचरा पात्र टूटे हुए हैं। साथ ही गंदगी पसरी मिली। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि के सापेक्ष पहली अप्रैल से 10 सितंबर 2025 तक 17,43,769 रुपये आहरित किए गए। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल की रिपोर्ट देखने पर पाया कि इस गांव में वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में दर्शाए कार्यों पर एक भी भुगतान नहीं किया गया। उक्त समस्त धनराशि का भुगतान पिछले वर्षों की आईडी पर किया गया, जो नियम विरुद्ध हैं और ऐसा करने से गबन की आशंका गहरा गई है। साथ ही सचिव ने निर्माण कार्य के एस्टीमेट संबंधित इंजीनियर से न कराकर अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से कराई गई। वहीं ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन स्थापना कार्य दर्शाकर 3,68,139 रुपये की धनराशि आहरित कर ली, जबकि मौके पर डस्टबिन नहीं मिली।

**इन्होंने कहा-**

**"डीपीआरओ रेणु श्रीवास्तव ने कहा कि ग्राम पंचायत कम्हेड़ा के ग्राम पंचायत सचिव फैसल अली से कार्य की पत्रावली, कैश बुक प्रस्तुत करने को कहा गया, तो सभी अभिलेख घर पर रखे होने की बात कही। शासकीय कार्य में अनियमितता पर उन्हें निलंबित कर दिया है। फिलहाल बीडीओ सदर कार्यालय में अटैच किया है। एडीओ पंचायत सदर सतेंद्र कुमार को जांच सौंपी है। निरीक्षण में सचिव ने डीपीआरओ को गुमराह करने का प्रयास भी किया। ग्राम पंचायत सचिवालय में सचिव फैसल अली से ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर वर्ष 2025-26 की ग्राम पंचायत विकास योजना दिखाने को कहा गया तो सचिव ने कहा कि इंटरनेट बंद है। इस मामले में जब मोबाइल का हॉट-स्पॉट कनेक्ट कर पोर्टल से भुगतान संबंधित जानकारी देखी, जिसमें सचिव की करतूत सामने आई।"**

## हद! जेई के नाम पर फर्जी फर्म बनाकर हुई ऑनलाइन ठगी

**▶▶ पालिका जेई जलकल के पैन कार्ड पर बना ली छह फर्जी फर्म ▶▶ जेई ने थाने से लेकर एसएसपी तक की शिकायत, नहीं मिली राहत**

**मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)।** जिले में साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है, जिसमें ठगों ने पालिका जलकल विभाग में तैनात जेई की पहचान का दुरुपयोग करते हुए दस्तावेज पर 6 कंपनियों का पंजीकरण कर डाला। उक्त फर्में ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर कारोबार दिखा रही हैं, जबकि हकीकत में सब कुछ किसी संगठित साइबर ठगी का हिस्सा प्रतीत हो रहा है। जेई ने इस मामले में संबंधित थाने से एसएसपी ददफ्तर तक शिकायती पत्र भेजे हैं, लेकिन अभी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। पीड़ित जेई का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो इन फर्मों का इस्तेमाल किसी आर्थिक अपराध में भी हो सकता है।
जी हां, साइबर क्राइम के प्रति तमाम जागरूकताओं के बीच में एक सरकारी अधिकारी के नाम और पहचान का दुरुपयोग करते हुए जनपद में फर्जी फर्म बना कर उनके नाम से ऑनलाइन शॉपिंग का बड़ा मामला सामने आया है। इसमें लोगों को लुभावने ऑफर के सहारे आकर्षित किए जाने के साथ एडवांस बुकिंग के नाम पर पैसा जमा कराकर ठगी की जा रही है। नगरपालिका जेई धर्मवीर सिंह को उनके नाम पर हो रहे ऑनलाइन शॉपिंग के कारोबार की जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए। जेई धर्मवीर सिंह के पास एक अंजान नम्बर से कॉल आई और फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि वो उनके ऑनलाइन शॉपिंग फर्म से सामान खरीदना चाहते हैं और कैश ऑन डिलीवरी के आधार पर वो भुगतान करेंगे। जेई ने फोन करने वाले से ऐसे किसी कारोबार में शामिल होने से इंकार किया तो उसने बताया कि उसे उनका नम्बर ऑनलाइन शॉपिंग फर्म से मिला है। जेई धर्मवीर ने किसी तरह पीछा तो छुड़ा लिया, लेकिन यह फोन कॉल उनकी नींद उड़ाने वाली साबित हुई, उन्होंने तत्काल अपने अधिवक्ता से सम्पर्क करके सारी बात बताई तो अधिवक्ता ने उनके पैन कार्ड के नम्बर की जांच की, इसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि उनके पैन नम्बर पर जीएसटी विभाग में छह फर्मों का पंजीकरण करके ऑनलाइन शॉपिंग का कारोबार हो रहा है। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि इनमें से 4 फर्म को कुछ दिन पूर्व ही बंद किया गया है, जबकि दो फर्म ऑनलाइन शॉपिंग के कारोबार में अभी भी एक्टिव हैं, जो उनकी पहचान के आधार पर पंजीकृत हैं और उनका फोन नम्बर भी ऑनलाइन डिटेल में अंकित है। इसमें साइबर क्राइम होने की आशंका को देखते हुए जेई धर्मवीर ने तत्काल खालापार थाना प्रभारी से मिलकर शिकायत दर्ज कराई। थाने पर मुकदमा नहीं होने पर वो एसएसपी से कार्यालय में मिले और सारी बात बताते हुए प्रार्थना पत्र दिया। एसएसपी ने उनकी शिकायत को साइबर थाने के लिए रैफर कर दी, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्यवाही न होने से जेई परेशान हैं। उनके नाम पर ऑनलाइन शॉपिंग कम्पनी अभी चल रही है। बताया गया कि यह कंपनी लोगों को बाजार से सस्ते प्रोडक्ट देने का दावा कर लालच में फंसाते हुए भुगतान के रूप में रकम एडवांस देने पर प्रोडक्ट देने की बात करती है।

## अनिल दुजाना गैंग का बदमाश ढेर, 25 राउंड चली गोलियां

**गाजियाबाद, 20 सितंबर (एजेंसी)।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने अनिल दुजाना गैंग के बदमाश बलराम ठाकुर को एनकाउंटर में मार गिराया। बलराम ठाकुर पर 50,000 का इनाम था। दो दिन पहले गाजियाबाद में मदन स्वीट और एक लोहा कारोबारी से 75 लाख की रंगदारी मांगी थी। एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि शनिवार शाम को सूचना मिली कि बदमाश बलराम ठाकुर वेव सिटी थाना क्षेत्र में कार से घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी की तो वह फायरिंग करने लगा। उसने करीब 10 राउंड फायरिंग की। बलराम की फायरिंग में पुलिस की गाड़ी पर 5 गोली लगी। जबकि 2 पुलिसवाले भी घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी करीब 15 राउंड गोली चलाई। जिसमें बदमाश ढेर हो गया। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और क्राइम ब्रांच स्वाट टीम प्रभारी अनिल राजपूत की टीम ने ये कार्रवाई की। घटना के जानकारी पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी भी मौके पहुंचे। खुद को कुख्यात गैंगस्टर अनिल दुजाना का गुरु बताने वाले बलराम ठाकुर ने 17 सितंबर को 2 कारोबारियों को फोन किया था। उसने कहा था- अगर पैसे नहीं दिए तो परिवार सहित गोलियों से भून दिया जाएगा। बलराम ने पहला वॉट्सऐप कॉल कविनगर थाना क्षेत्र के मदन स्वीट्स एंड रेस्तरां के मालिक ब्रह्मपाल यादव को शाम 7.56 बजे किया। कर्मचारी कुमकुम ने कॉल रिसीव की। तब बलराम ठाकुर कहा- एक दिन में 50 लाख रुपए का इंतजाम करना होगा। मैं अनिल दुजाना का गुरु बलराम ठाकुर हूं। इसके करीब 2 मिनट बाद सिहानी गेट थाना क्षेत्र के लोहा मंडी के कारोबारी अभिषेक गोयल को फोन किया। उनसे 25 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। कहा- अगर पैसे नहीं दिए तो पिता और तुम्हारी गोली मारकर हत्या कर देंगे। इसके बाद अभिषेक गोयल ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस ने मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाया। मई 2023 में यूपी एसटीएफ ने मेरठ में कुख्यात अनिल दुजाना को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था।




# छपार टोल गेस्ट हाउस हत्याकाण्ड: दूसरे दिन धरना प्रदर्शन, पुलिस की सक्रियता पर उठे सवाल

## ▶▶ठेकेदार पर लगे आरोप, पुलिस करे जांच, उठी आवाज हुआ हंगामा, पुलिस ने कराया बीच-बचाव

**मुजफ्फरनगर/छपार, 20 सितंबर (बु.)।** छपार टोल प्लाजा के डिप्टी मैनेजर की अपहरण के बाद हत्या के मामले में दूसरे दिन विरोध के चलते टोल कर्मचारियों ने टोल पर काम बंद हड़ताल की ओर टोल फ्री रखा। इस दौरान धरना-प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता, मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। डिप्टी मैनेजर अरविंद पांडे की हत्या से नाराज टोलकर्मियों ने शनिवार सुबह टोल पर काम बंद हड़ताल करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान टोल ठेकेदार एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक अपने दर्जनों समर्थकों व भाकियू





कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर पहुंचे और धरना दिया। सीओ सदर डॉ. रवि शंकर ने कहा कि पुलिस की लापरवाही की शिकायत की जांच कराई जायेगी। पुलिस ने मुठभेड़ में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, फरार आरोपियों को भी शीघ्र ही गिरफ्तारी कर लिया जायेगा। सीओ ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। धरना को भाकियू कार्यकर्ता पिन्टू बालियान, विकास प्रधान, सुधीर सहरावत, वेदपाल, इसरार ने भी सम्बोधित किया।

### जब धरने पर दो पक्षों में हुई धक्का-मुक्की, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**मुजफ्फरनगर।** आजाद समाज पार्टी के नेता दीपक बिजोपुरा ने जैसे ही कहा कि हत्या के आरोपी टोल ठेकेदार विनोद मलिक के गांव के है और इन्होंने ही हत्यारों को नौकरी पर रखा है, इसलिए पूर्व प्रमुख की भी जांच की जानी चाहिए और लोकल के कर्मचारियों को न हटाया जाए। जिस पर पूर्व प्रमुख ने विरोध किया, जिससे पूर्व प्रमुख भडक गए और दोनों पक्षों में गाली-गलौंच व धक्का-मुक्की हो गई, जिसपर वहां पर हंगामा की स्थिति बन गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शान्त किया।

### सभी हत्यारोपियों पर लगेगी एनएसए : एसएसपी

**मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि सभी आरोपियों पर एनएसए पर कार्रवाई की जाएगी। छपार टोल गेस्ट हाउस कांड में पुलिस अबतक चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने अभी तक हत्या करने वाले आरोपी शुभम निवासी मोहम्मदपुर रायसिंह थाना भौराकंला, शेखर व प्रदीप निवासी गुलावठी जनपद बुलंदशहर व राजन निवासी बागपत को गिरफ्तार कर लिया है। एक मुख्य आरोपी शिव मलिक निवासी मोहम्मदपुर रायसिंह व वीशू निवासी बागपत की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पूरे मामले में छपार पुलिस की सक्रियता की भी जांच कराई जा रही है। डिप्टी टोल मैनेजर के परिवार के लोग जनपद में पहुंच गए है। शव का जल्द ही पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

### पुलिस को गुमराह करने के लिए हत्यारोपी डिप्टी मैनेजर के फोन को करते रहे ऑन ऑफ

**मुजफ्फरनगर।** इस घटना के बाद से आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने के लिए शराब के नशे में टोल के गेस्ट हाउस में डिप्टी टोल मैनेजर की पीटकर हत्या कर दी। उसके बाद शव को चलती गाड़ी से मेरठ जनपद के जानी थाना क्षेत्र में भोला झाल में फेंक दिया। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी डिप्टी टोल मैनेजर के मोबाइल को अपने साथ ले गए। कई बार उन्होंने उसके मोबाइल का बंद किया। उसके बाद बुलंदशहर जनपद में पहुंचकर डिप्टी टोल मैनेजर के मोबाइल को खोलकर एक बार ऑन किया। उसके बाद उसके मोबाइल को बंद कर दिया। पुलिस को डिप्टी टोल मैनेजर के मोबाइल की लास्ट लोकेशन बुलंदशहर में मिली थी।

## गाजियाबाद में ट्रक से कुचलकर महिला सिपाही की मौत, स्कूटी से ड्यूटी जा रही थी, शव के चीथड़े हुए

**गाजियाबाद, 20 सितंबर (एजेंसी)।** गाजियाबाद में ट्रक से कुचलकर महिला हेड कॉन्स्टेबल की दर्दनाक मौत हो गई। वह स्कूटी से नोएडा ड्यूटी पर जा रही थी। तेज रफ्तार ट्रक ने महिला सिपाही अनुराधा (34) को पीछे से टक्कर मारी। फिर कुचलते हुए निकल गया। टक्कर इतनी भयावह थी कि कॉन्स्टेबल का शव सड़क पर चिपक गया। ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कपड़े से ढका। फिर टुकडों को बॉडी बैग में भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। हादसा वेव सिटी इलाके में नेशनल हाईवे पर लाल कुआं के पास शनिवार सुबह 10 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि महिला सिपाही को मेरठ एक्सप्रेस रोड पर चढ़ना था।



सर्विस रोड पर पानी भरा था, इसलिए महिला सिपाही स्कूटी से रोड पर आ गई। तभी 80-90 की स्पीड में ट्रक पीछे से आया और कुचलता हुआ निकल गया। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना की रहने वाली अनुराधा 2011 में पुलिस में भर्ती हुई थी। इस समय नोएडा के दादरी थाने में तैनात थी। गाजियाबाद के गोविंदपुरम में किराए से अकेले रहती थी। शादी हो गई थी, पति बाहर प्राइवेट नौकरी करता है। वह रोज गाजियाबाद से नोएडा स्कूटी से आती-जाती थीं। महिला कॉन्स्टेबल का शव देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। वर्दी पहने हुए महिला कॉन्स्टेबल की बॉडी सड़क पर चिपक गई थी। पुलिस ने शव के टुकड़ों को हाथों से उठाकर बॉडी पैक में भरा।

# शराब पीकर पिता से लड़ने वाले युवक की हुई मौत

**बुढ़ाना, 20 सितम्बर (बु.)।** उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में एक शराबी युवक किसी मामूली सी बात पर अपने पिता से लड़ाई कर बैठा, तब लड़खड़ाए युवक का संतुलन बिगड़ गया और उसका सिर खाट के पाए में जा लगा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों ने आनन-फानन में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर

**लड़खड़ाकर खाट के पाए में जा लगा था सिर**

चौकी क्षेत्र के गांव भसाना निवासी लगभग 38 वर्षीय अनिल कुमार कश्यप पुत्र राजकुमार शराब पीने का आदि बताया गया है। बीते शुक्रवार की देर रात भी उसने शराब पी हुई थी, तब किसी बात पर वह अपने पिता से लड़ पड़ा, तो उसके पिता ने उसे भला-बुरा कह दिया, तब वह लड़खड़ाकर असंतुलित होकर खाट पर गिर पड़ा और सिर में खाट का पाया लगने से अनिल को गंभीर चोटें आई, तो उसको पास के एक हस्पताल में ले जाया गया, जहां उसको चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों में चीख-पुकार मच गयी और उन्होंने आनन फानन में अनिल का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी मिली, तो पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों से इस घटना की पूरी जानकारी ली। इस मामले में फिलहाल पुलिस के द्वारा कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

## आज होगा सूर्यग्रहण, भारत में नहीं दिखेगा इसका प्रभाव

**नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसी)।** इस साल 2025 में कुल 4 सूर्य ग्रहण लगे हैं। इस बार 22 सितंबर के दिन साल का आंशिक सूर्य ग्रहण लगने वाला है। बता दें कि सूर्य ग्रहण एक खगोलीय घटना होती है। सूर्य ग्रहण तब लगता है, जब चंद्रमा किसी वजह से पृथ्वी और सूरज के बीच में आ जाता है। इसके कारण सूर्य की रोशनी पूरी तरह से पृथ्वी पर नहीं पहुंच पाती। इसी कारण से पृथ्वी के कुछ हिस्सो पर जहां सूर्य की किरणें नहीं पड़ पाती वहां अंधेरा छा जाता है। हिंदू धर्म में सूर्य ग्रहण की घटना को शुभ नहीं माना जाता है। सूर्य ग्रहण जब लगता है तो उस समय कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता है। सभी मांगलिक कार्यों को स्थगित कर दिया जाता है। इतना ही नहीं जब भी पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण लगता है, तो उस समय मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिए जाते हैं। सूर्य ग्रहण लोगों की राशियों पर भी काफी बड़ा प्रभाव डालता है। सूर्य ग्रहण के समय सभी मंदिरों के पुजारी भगवान की सभी मूर्तियों को कपड़े से ढक देते हैं। जब भी सूर्य ग्रहण लगता है, तो उस समय कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता है। इस समय आपको कई खास बातों का ख्याल रखना चाहिए। सूर्यग्रहण लगने के बाद किसी भी धर्मिक कार्य को वहीं रोक देना चाहिए। सूर्य ग्रहण के समय धार्मिक ग्रंथों का पाठ करना और मंत्र जाप करना शुभ माना जाता है। इससे आपके जीवन पर सूर्यग्रहण का प्रभाव कम पड़ता है।

# पुलिस ने फिर तोड़ी साइबर ठगों की कमर

## ▶▶ शातिर मास्टर माइंड गिरफ्तार, 200 से अधिक बैंक खाते जब्त

**मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)।** जनपद पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले ठगो की कमर तोड़ते हुए एक और बड़ा खुलासा करते हुए देश के तमाम राज्यों में बैठकर साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अभी तक 200 से अधिक बैंक खातों को भोले-भाले लोगों का लालच देकर उनके दस्तावेज साइबर क्रिमिनलों को उपलब्ध करा चुका है। गिरफ्तार शातिर आरोपी 15 से लेकर 30 हजार रुपए में बचत और करंट एकाउंट की डिटेल साइबर ठगों को उपलब्ध करता था, जिसके पास से पुलिस ने 26 सिम, 32 एटीएम, कार व पसर्नल डायरी में 5 करोड़ से अधिक की ठगी का हिसाब किताब मिला है। आरोपी के तार विदेश में बैठे केलविन नाम के जालसाज से जुड़े हुए हैं। पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी क्राइम इन्दु सिद्वार्थ ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राइम थाना प्रभारी सुल्तान सिंह ने अपनी टीम के साथ शाहपुर कट से अंकित तोमर निवासी गांव बामनौली जनपद बागपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से 32 बैंक खातों के एटीएम कार्ड, 26 सिम, 5 मोबाइल, दो चैक बुक, कार व ढ़ाई हजार रुपए बरामद किए हैं। आरोपी साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने का कार्य करता था। वह गांवों के गरीब व भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनके बैंकों में खाते खुलवा था। बचत व करंट एकांउट को 15 से 30 हजार रुपए देने का लालच देकर उनसे बैंक खाते व एटीएम ले लेता था। उसके बाद आरोपी तमिलनाडू, बैंगलूर और गुजरात में बैठे साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध करता था, जिनके जरिये साइबर ठगी का पैसा ट्रांसफर किया जाता था। गिरफ्तार आरोपी अभी तक 5 करोड़ से अधिक की ठगी में शामिल रहा है। साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में बताया गया कि उसे फेसबुक पर एक पैसे कमाने का लिंक प्राप्त हुआ, जहां से उसे एक टेलीग्राम लिंक में जोड़ा गया, उसकी बात विदेश में बैठे केलविन नाम के व्यक्ति से हुई, जिसने अंकित को ऑनलाइन गैमिंग के लिए खाता उपलब्ध कराने के लिए 25 से 30 हजार रुपये प्रति खाते से कमीशन देने की बात कही। जिस पर आरोपी ने गरीब भोले-भाले लोगों के बैंक खाते खुलवाकर बैंक खाते से सम्बन्धित पूरी किट व उनके नाम पर सिम कार्ड लेकर उन्हें टेलीग्राम पर बताये गये पतों पर कभी चेन्नई तथा गुजरात आदि स्थानों पर पोस्ट किए। कुछ बैंक खाते व एटीएम अपने पास रख लेता था, जिसमें पैसा आने के बाद अपना हिस्सा निकालकर शेष रुपया ट्रान्सफर कर देता था।






### करोड़ों के लेन देन का मिला काला चिट्ठा

**मुजफ्फरनगर। पुलिस ने आरोपी अंकित के पास से एक डायरी बरामद की है, जिसमें 5 करोड़ से अधिक का लेनदेन का पूरा लेखा-जोखा मौजूद है। आरोपी के खिलाफ अभी तक 79 शिकायतकर्ता सामने आए हैं। जिसमें विभिन्न राज्यों के बैंकों से शिकायत दर्ज हैं। साइबर क्राइम पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से बरामद मोबाइल के सम्बंध में गहनता से जांच की बात कही।**

**शेष समाचार : जिन पुजारी को भगवान की सेवा ...**

ऐसे में हम लोगों ने ऐसा करने से इंकार करते हुए कहा कि हमें अपने मौहल्ले का माहौल साम्प्रदायिक नहीं बनाना। सर्वप्रथम कमैटी के लोग मंदिर में भगवान की पूजा कर रहे पुजारियों से पूछना चाहते हैं कि कौन से आधार पर वे मंदिर के अंदर जबरदस्ती काबिज होना चाहते हैं। क्या उनके पास वहां रहने का कोई ठोस आधार बैनामा, कागजात, रसीद आदि हैं। मानवता के नाते कमेटी ने उन्हें भगवान की सेवा करने के लिए नियुक्त किया था। मगर अब नीयत में खोट आने के बाद मंदिर की पुजारन व उनके पुत्र मंदिर निर्माण के लिए भी दूसरे स्थान पर किराये पर जाने को क्यों तैयार नहीं हैं, जबकि कमैटी उन्हें आश्वस्त कर चुकी है कि मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद उन्हें वापस मंदिर में ही स्थापित किया जायेगा और जितने माह वह किराये पर रहेंगे, उसका किराया भी कमैटी ही देगी। उसके बाद भी वे क्षेत्र का माहौल खराब करने में लगे हुए हैं और लोगों को तरह तरह से भड़का रहे हैं। ऐसे में कमेटी का कहना है कि यहां हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल पिछले 100 वर्षों से कायम है। रैदासपुरी हो, मल्हूपुरा हो या पुरानी घासमंडी या आसपास के अन्य क्षेत्र यहां एक दीवार हिन्दू की है, तो दूसरी मुस्लिम की है। हम यहां मंदिर बनाने का काम कर रहे हैं ना कि साम्प्रदायिकता फैलाने का। इस पर बाहरी तत्वों ने मंदिर के पुजारियों व मंदिर में किराये की दुकानें लेकर बैठे 100-100 रुपया किराया देने वाले दुकानदारों से साठ-गांठ थी और कमैटी के खिलाफ झूठी अफवाहें फैलाते हुए जिसमें पुजारियों को बाहर करने का दुष्प्रचार करते हुए कमेटी के लोगों को जूते मारने के नारे लगवाए गए। ऐसे में आज हम सब कमैटी पदाधिकारियों ने यही अवगत कराने के लिए प्रेस वार्ता की। आपको बता दें कि मंदिर में रहने वाले पुजारी पं. स्व. भास्कर की पत्नी अपने बेटे आयुष व पियूष के साथ रहकर मंदिर की सेवा का कार्य करते हैं। चूंकि मंदिर कमेटी ने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए लेंटर तुड़वाकर कार्य शुरू कराया हुआ है। ऐसे में जब भास्कर की पत्नी व उनके दोनों बेटों को दूसरी जगह किराये पर मकान लेकर रहने का आग्रह किया गया, तो तीनों की नियत में खोट पाया गया। इन्होंने गिरोह बनाकर अपने साथ सुरेश व आशीष नामक पुजारियों जो कि स्व. भास्कर के भाई बताए जाते हैं, उनका मंदिर में आना-जाना शुरू करा दिया, जब मंदिर कमेटी ने इस पर ऐतराज उठाया तो दो दिन पहले ही पांचों ने मिलकर मंदिर कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सम्भ्रांत लोगो के साथ बैठक में हाथापाई तक का प्रयास किया। उक्त विवाद में स्व. पं. भास्कर के दो पौत्र जोकि आजकल जिम जाने का काम कर रहे हैं। अपना रौब गालिब करते हुए वीडियो के माध्यम से मंदिर पदाधिकारियों पर अंगुलियां उठाते साफ दिखाई दे रहे हैं। उक्त वीडियो जिलाधिकारी नगर मजिस्ट्रेट एवं थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को सौंप दी गयी है और प्रशासन से गुहार लगाई गयी है कि उक्त सभी लोगों से कमैटी के लोगों को कभी भी जान का खतरा हो सकता है। फिलहाल उक्त सभी पुजारियों और दुकान में बैठे किरायेदारों द्वारा मंदिर पर कब्जे की आशंका के चलते कमैटी में भय का माहौल महसूस करते हुए मंदिर के निर्माण का कार्य वहीं का वहीं रुकवा दिया है और पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि उक्त सभी आरोपियों मंदिर की पुजारी सहित, पुजारन के दोनों लड़के आयुष व पीयूष तथा पुजारन के देवर सुरेश व आशीष तथा मंदिर के किरायेदार राहुल तायल पुत्र स्व. राकेश तायल, धनंजय त्यागी पुत्र विष्णु दत्त तथा धर्मेन्द्र पाराशर पुत्र जगदीश पाराशर तथा डॉ. बी.बी. गौतम पुत्र पूर्णानन्द गौतम, रवि गौतम पुत्र भारत भूषण गौतम तथा रजनीश संगल पुत्र क्रान्ती संगल मुजफ्फरनगर को मंदिर की सम्पत्ति पर अवैध कब्जा किये जाने से रोका जाये तथा इनके विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जाये, ताकि वह मंदिर के जीर्णोद्धार एवं उसकी सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार से कब्जा न कर सकें और मंदिर का जीर्णोद्धार हो सके।

## मुठभेड़ में जवान शहीद

**उधमपुर, 20 सितंबर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के ऊंचाई वाले जंगलों में शनिवार को सेना और पुलिस ने आतंकियों की तलाश में संयुक्त अभियान फिर से शुरू किया। इसी दौरान आतंकियों से हुई मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल एक जवान ने तड़के दम तोड़ दिया। सुरक्षा बल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी रखे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर शाम उधमपुर के डूडू-बसंतगढ़ क्षेत्र और डोडा के भद्रवाह में सेओज धार वन सीमा पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के संयुक्त तलाशी दल पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें एक जवान घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि जवान को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

## ऑपरेशन सवेरा अभियान जारी, 17 किलो डोडा बरामद

**मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राजस्थान से पीसा हुआ डोडा खरीदकर लाता था और सड़क व होटलों पर खडे ट्रक ड्राइवरों को बेचता था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से 17 किलो डोडा बरामद कर पूछताछ के बाद चालान कर दिया। सीओ मंडी राजू कुमार साव ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत सिखेड़ा थाना प्रभारी योगेन्द्र शर्मा ने अपनी टीम के साथ चैकिंग के दौरान 17 किलो डोडा के साथ तस्कर पवन कुमार निवासी गांव सिखेड़ा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह पिछले काफी समय से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी का कार्य कर रहा है। वह पिसा हुआ डोडा राजस्थान के चित्तोडगढ़ से गोपाल नाम के व्यक्ति से खरीदकर बस व ट्रेन के माध्यम से लाता था और जनपद में विभिन्न स्थानों पर सड़क किनारे खड़े होकर ट्रक ड्राइवरों को बेचता था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।